CMYK

जागरूक टाइम्स

26 january RepublicDay

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

सिरोही, रविवार, 26 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 10 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.

### छुट्टी की सूचना

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जागरूक टाइम्स कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। (संपादक)

# पीएम मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से की बात

## भारत-इंडोनेशिया के बीच बढ़ेंगे रक्षा-व्यापार संबंध









**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं। वे रविवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की।

### चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर चर्चा

इस दौरान भारत और इंडोनेशिया के द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। बातचीत में दोनों देशों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने, खासकर रक्षा विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को 10 देशों के आसियान समूह के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हैं कि नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमत हुए हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में हुए समझौते से अपराध रोकथाम, खोज एवं बचाव तथा क्षमता निर्माण में सहयोग और मजबूत होगा। इस दौरान दोनों पक्षों ने समग्र आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार क्षेत्र में विविधता लाने बाजार पहुंच की आवश्यकता पर चर्चा की।

### समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोध और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। वार्ता में भारत ने इंडोनेशिया की ब्रिक्स सदस्यता का भी स्वागत किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने बातचीत को सार्थक बताते हुए कहा कि दोनों पक्ष कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिपुर में 314 किलो नशीली दवाईयां नष्ट की

**इंफाल।** मणिपुर में राज्य सरकार ने शनिवार को 314 किलोग्राम नशीले पदार्थ को नष्ट किया। बीरेन सिंह ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 2018 में नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध की शुरुआत की है। सरकार हजारों एकड़ अफीम के बागानों को नष्ट कर रही है।

### इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रग्स जब्त

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने एक और 559 ग्राम हेरोइन जब्त किया। बीएसएफ ने बताया कि दोपहर करीब 1.40 बजे कक्कड़ गांव से सटे एक खेत से 01 डीजेआई एयर 3 एस ड्रोन और हेरोइन बरामद की।



# गणतंत्र दिवस पर उदयपुर में एट होम आयोजित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उदयपुर में गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर सहेलियों की बाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शनिवार को 'एट होम' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कला, साहित्य और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया।

### प्रदेश में सक्रिय होगा जनवरी का चौथा पश्चिमी विक्षोभ

# चार दिन तेज सर्दी का अलर्ट, अगले सप्ताह बदलेगा मौसम

### जयपुर, उदयपुर सहित कई जिलों में जमीं ओस की बूंदें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में तेज सर्दी का दौर अगले चार दिन और जारी रहेगा। इस बीच तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। आसमान बिल्कुल साफ रहेगा, जिससे उत्तरी हवाओं का असर रहेगा। कड़ाके की सर्दी से लोगों को 28 जनवरी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार सुबह जयपुर, उदयपुर, चूरू समेत कई जिलों में पाला पड़ने जैसी स्थिति रही। खासकर ग्रामीण एरिया में ओस की बूंदें जम गईं।

पश्चिम से आने वाली हवा एक्टिव होगी और तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कड़ाके की सर्दी का ये आखिरी सप्ताह रह सकता है। इसके बाद सर्दी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर समेत तमाम शहरों में आसमान साफ रहा और दिन तेज धूप रही। मौसम विभाग के जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार राजधानी में सर्द हवाओं का दौर जारी है।

#### 29 जनवरी से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

राजस्थान में 29 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ बनने की संभावना है। जिसकी वजह से तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की प्रबल संभावना है। फिलहाल प्रदेश में अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के करीब देखने को मिल रहा है।

#### अगले चार दिन रहेगी सर्दी

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के मुताबिक, राजस्थान में अगले 4 दिन आसमान बिल्कुल साफ रहेगा और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट हो सकती है।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन

# हमारा संविधान जीवंत दस्तावेज

### यह हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार



**नई दिल्ली।** 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। अपनी स्पीच की शुरुआत उन्होंने देश को बधाई देकर की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है। किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है। भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इस काल खंड में भारत की चेतना जागी। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं।

# राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होंगे आईजी सत्येन्द्र सिंह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**जयपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर राजस्थान पुलिस के कई अधिकारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। इनमें महानिरीक्षक (आईजी) सत्येंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, आईजी विकास कुमार सहित 16 अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा। राजस्थान पुलिस के मुखिया डीजीपी यूआर साहू ने इन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर बधाई दी है।

डीजीपी यूआर साहू के मुताबिक, राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए महानिरीक्षक पुलिस सत्येंद्र सिंह का चयन विशिष्ट सेवा के लिए किया गया है। प्रदेश के 16 अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी एसएसबी जयपुर पीयूष दीक्षित, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर आयुक्तालय राजेंद्र प्रसाद, और वृताधिकारी नागौर राम प्रताप बिश्नोई शामिल हैं।

इसके अलावा, पुलिस उपाधीक्षक जयपुर डिस्कॉम विजय सिंह, पुलिस निरीक्षक थाना हिरणमगरी हनवंत सिंह राजपुरोहित, और पुलिस निरीक्षक थाना कोटगेट बीकानेर मनोज कुमार शर्मा, पुलिस उप निरीक्षक सीआईडी एसएसबी यूनिट राजसमन्द जोन उदयपुर शीला और पुलिस उप निरीक्षक पुलिस आयुक्तालय जयपुर पुरुषोत्तम लाल शर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा। सहायक उप निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन आयुक्तालय जोधपुर श्याम लाल, सहायक उप निरीक्षक सिटी कंट्रोल रूम श्रीगंगानगर स्वर्ण सिंह, हेड कांस्टेबल 125 छठी बटालियन आरएसी धौलपुर राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल 226 आरपीए जयपुर सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सीआईडी एसएसबी जोन श्रीगंगानगर पवन कुमार, कांस्टेबल 653 प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर रेवन्ता राम और कांस्टेबल 1127 रिजर्व पुलिस लाइन चूरू सुरेश कुमार शर्मा को भी पुलिस पदक के लिए चुना गया है।



### राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों को पुलिस पदक




CMYK

# 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'

## की थीम पर मनाया मतदाता दिवस




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला परिषद सभा भवन जालोर में 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर जिला स्तरीय कार्य' म सम्पन्न हुआ। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने चुनाव प्र' या में मतदाता सूची की महत्वता की जानकारी दी।

### मताधिकार की दिलाई शपथ

जिला स्तरीय कार्य' म में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज चौधरी, चुनाव शाखा के तहसीलदार राजेश व्यास सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कार्मिक सहित बीएलओ, सुपरवाइजर व कार्मिक उपस्थित रहे।

### इन्हें किया सम्मानित

कार्य' म के दौरान निर्वाचन से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने पर आहोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 19 के बीएलओ डायाराम, भाग संख्या 16 के बीएलओ इन्द्रसिंह चौहान, भाग संख्या 158 के बीएलओ होसाराम बामणिया, भाग संख्या 62 के बीएलओ गणपतसिंह व केएपी सर्वे प्रगणक पदमाराम, जालोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 216 के बीएलओ रूपसिंह सिंधल, भाग संख्या 45 के बीएलओ आदम खां राजड, भाग संख्या 246 के बीएलओ शिक्षा अनुदेशक शादाब अहमद व सुपरवाइजर मनोहरसिंह, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 276 के बीएलओ अर्जुनकुमार, भाग संख्या 107 के बीएलओ चेनाराम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह सोढ़ा व सुपरवाइजर नित्यानन्द, सांचौर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 26 के बीएलओ शकुर खान, सुपरवाइजर रामनिवास, भाग संख्या 193 के बीएलओ पुखराज व भाग संख्या 215 के बीएलओ राणाराम तथा रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 178 के बीएलओ बाबूसिंह, सुपरवाइजर मुकेशकुमार मीना, भाग संख्या 160 के बीएलओ अशोककुमार व भाग संख्या 228 के बीएलओ मुकेशकुमार जुनीवाल को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**भीनमाल।** वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को स्थानीय विकास भवन में उपखंड अधिकारी नीरज कुमारी की मौजूदगी में मनाया गया। मतदाता सूची संबंधी उत्कर्ष कार्य करने वाले 9 बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपखंड अधिकारी नीरजकुमारी ने मतदाता दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नए मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रह कर मतदान करना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपखंड स्तरीय समारोह में विधानसभा भीनमाल 143 के भाग संख्या 177-188 सुपरवाइजर राउमावि कोरा कृष्णकुमार वरिष्ठ अध्यापक, भाग संख्या 93-105 सुपरवाइजर राउमावि सेवडी रामलाल विश्नोई वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता, भाग संख्या 117 बीएलओ राउप्रावि नगा की ढाणी दांतीवास किशनाराम सारण अध्यापक वरिष्ठ प्रबोधक, भाग संख्या 33 बीएलओ रामावि जूना राउता बलवंताराम अध्यापक, भाग संख्या 204 बीएलओ राउमावि मोदरा स्टेशन पारसाराम प्रजापत अध्यापक, भाग संख्या 256 बीएलओ राप्रावि इन्द्रा कॉलोनी सोमता रणजीतकुमार अध्यापक, भाग संख्या 123 बीएलओ राउमावि वियो का गोलिया पूनासा गणपतसिंह प्रबोधक, तहसील कार्यालय भीनमाल रमेशकुमार होमगार्ड, राउप्रावि. बेतारण सांवलाराम अध्यापक को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्य' म के दौरान मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रह कर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, भावाराम, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, मुकेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ, सुपरवाइजर, कर्मचारी मौजूद थे।




**जसवंतपुरा।** कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें नव मतदाता के रूप में वि' म प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत व साहिल तथा बुजुर्ग मतदाता के रूप में उनाराम माली, दिव्यांग मतदाता के रूप में कल्पेश माली और महिला मतदाताओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी में मतदाता दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलसिंह देवल, सुपरवाइजर कृष्णकांत बोहरा, भगवतसिंह राणावत, विनोद रिणवा, वगताराम प्रजापत, बीएलओ शिवनारायण मीणा, फतेहकुमार, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, गोविंद प्रजापत, शिवचरण मीणा व विद्यालय परिवार मौजूद था।

**कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में अनुसूचित जनजाति महिलाओं के सिलाई कला प्रशिक्षण का समापन**

# प्रशिक्षित होकर प्रतिभागी महिलाएं शुरू करें स्वयं का व्यवसाय : गर्ग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** कृषि विज्ञान केंद्र केशवना पर अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत केंद्र में जनजातीय महिलाओं का 21 दिवसीय सिलाई कौशल प्रशिक्षण का समापन कार्य' म शनिवार को राजस्थान विधानससभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य सचेतक ने प्रशिक्षण की प्रतिभागी महिलाओं से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी लेते हुए प्रतिभागी महिलाओं द्वारा तैयार किए हुए (सिले हुए कपड़े) कपड़ों को देखा। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं को इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने तथा सशक्त बनते हुए खुद का व्यवसाय शुरु करने की बात कही। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने प्रतिभागी 28 महिलाओं को सिलाई मशीन व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दिलीपकुमार ने अनुसूचित जनजातीय उपयोजना, सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्य' म तथा केंद्र पर किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। केंद्र के अनुसूचित जनजातीय उपयोजना प्रभारी डॉ. पवनकुमार पारीक ने प्रतिभागी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया तथा मौसम वैज्ञानिक आनंदकुमार शर्मा द्वारा खुद का व्यवसाय शुरु करने, स्वयंसहायता समूह बनाकर सिलाई व्यवसाय को व्यापक स्तर पर करने पर जोर दिया। मंच संचालन डॉ पारीक ने किया। प्रशिक्षक श्रीमती अनसीबाई एवं सबीना बानू द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को 21 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डाटा ऑब्जर्वर भूपेंद्रसिंह, फार्म मैनेजर मनीष चौधरी, गणपतसिंह राव, जीतूसिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के शस्य विशेषज्ञ बिरमसिंह गुर्जर सहित कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि अनुसंधान के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** निकटवर्ती राउमावि सेवाड़िया में शनिवार को उत्साह से वार्षिकोत्सव मनाया गया। शारीरिक शिक्षक आसुराम सैन के अनुसार पीइओ आजोदर राजेन्द्रकुमार कोली के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य लखमाराम चौधरी की अध्यक्षता तथा नासिर मोहम्मद वाइस प्रिंसिपल आजोदर, पारसाराम राणा व्याख्याता आजोदर के विशिष्ट आतिथ्य में वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्य' म की प्रस्तुति की गई। कार्य' म में व्यायाम प्रस्तुति में शानदार पिरामिड बनाकर सभी को रोमांचित कर दिया गया। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सास्कृतिक प्रस्तुति व आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं सेवाड़िया को भामाशाहों की नगरी कहकर सम्बोधन किया। सभी भामाशाहों का धन्यवाद प्रेषित किया। अध्यक्षता कर हरे चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्य' म में आजोदर विद्यालय से अध्यापिका सुनिताकुमारी एवं स्थानीय विद्यालय से लिखमाराम बिसोर, नेहा चौहान, सीमा मीणा, रेखा मीणा, दलपत चौधरी, प्रागाराम पुरोहित, रमेशचन्द्र पुरोहित एवं हरजीराम ने व्यवस्था में सहयोग दिया।




## 'पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** जुंजाणी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल दिवस का शुभारंभ प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने ध्वजारोहण के साथ किया। उप प्राचार्य राजेशकुमार ने खेल को खेल की भावना से खेलने एवं आपसी भाईचारे व सदभावना की शपथ दिलाई। प्राचार्य जीनगर ने बताया कि पीएमश्री विद्यालय में खेल दिवस पर जेपीएल जुंजाणी प्रतियोगिता पर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि व आकाश सदन के बीच अंतर सदनीय खेलों का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए रिवर रेस, जलेबी रेस, पेपर बॉल रेस, बुक दौड़, ऑक्टोपस, कंगारू दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सीनियर वर्ग में भाला, तस्त्री, गोला फेंक, हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप, ऊंची व लंबी कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका रेवतसिंह, अशोक प्रजापत, पवन व्यास ने निभाई। प्रतियोगिताएं शारीरिक शिक्षक रविंद्रकुमार व रायमलराम के निर्देशन में हुई। हाउस प्रभारी उत्तमसिंह, विमला विश्नोई, दीपिकाकुमारी, प्रियंका विश्नोई मौजूद रहे।

## उत्साह व उमंग के बीच समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस



सायला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह व उमंग के बीच पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक (केबिनेट मंत्री दर्जा) जोगेश्वर गर्ग बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। इस दौरान परेड, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय कार्य के लिए कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजनीतिक क्षेत्र के लोग एवं जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग शरीक होंगे।

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह खेल मैदान में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी मार्च-पास्ट एवं शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन करेंगे। देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों, समाजसेवी लोगों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। दोपहर राउमावि सायला के प्रांगण में ग्रामीण बनाम प्रशासन के बीच वॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन होगा।

## मौनी अमावस्या 29 को, इस बार बन रहा त्रिवेणी योग : शास्त्री

**भीनमाल।** माघ मास में आने वाली अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस बार मौनी अमावस्या बुधवार 29 जनवरी को है। श्रीदर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि इस दिन पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। साथ ही इस बार मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी योग सहित कई शुभ योग बनने से मौनी अमावस्या का महत्व कई गुणा बढ़ गया है एवं मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा शाही स्नान भी किया जाएगा। त्रिवेदी ने बताया कि अमावस्या पर इस बार मकर राशि में एक साथ सूर्य, बुध और चंद्रमा विराजमान होकर त्रिवेणी योग बनाएंगे। इसी के साथ इन सभी पर गुरु की नवम दृष्टि भी रहने वाली है। इसी के साथ शु' का मीन राशि में होने से मालव्य राजयोग भी बना रहेगा। श्रवण नक्षत्र का संयोग भी रहने वाला है। शश राजयोग भी रहेगा। बुधादित्य राजयोग भी रहेगा। शास्त्री ने बताया कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित हैं। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान दान और पितरों के नाम से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास का धार्मिक रूप से विशेष महत्व है। ऐसे में माघ मास में आने मौनी अमावस्या का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। ऐसे में उनके नाम से किया गया दान पुण्य व्यक्ति को कई गुणा अधिक फल देता है। इस दिन किए गए पितरों के नाम से दान पुण्य और तर्पण से पितरों का आशीर्वाद हमेशा परिवार के सदस्यों पर बना रहता है। पंडितों और गरीबों को भोजन कराने से भी पितर प्रसन्न होते हैं।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में एनसीसी रानीवाड़ा टीम रही विजेता

▸ पांच दिवसीय धानोल प्रीमीयर लीग का हुआ समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** समीपवर्ती धानोल गांव में पांच दिवसीय धानोल प्रीमीयर लीग ि' केट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।प्रतियोगिता में रानीवाड़ा की एनसीसी टीम विजेता रही। जिसे 11 हजार नकद राशि से एवं उप विजेता गंगेश्वर इलेवन टीम को 5 हजार एक सौ की नकद राशि से सम्मानित किया गया है। कार्य' म में समाजसेवी परेशकुमार सहित ग्रामीणों ने टीमों का सम्मान किया। प्रतियोगिता मे रानीवाडा क्षेत्र सहित दूर-दराज से भी टीमों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में उमाराम चौधरी, चंदनसिंह, इन्द्रकुमार सैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## टोल शुल्क माफ करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** टैक्सी यूनियन सायला की ओर से शनिवार को उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर चौराऊ टोल प्लाजा पर सायला के टैक्सीचालकों का टोल शुल्क माफ करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि सायला के टैक्सी चालक प्रतिदिन सायला-बागोड़ा रोड पर आवागमन करते है। इस मार्ग पर सायला से मात्र 5 किलोमीटर के दूरी पर चौराऊ के पास टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। ऐसे में टैक्सी चालकों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए आसपास के गांवों में आने-जाने के दौरान टोल शुल्क देना पड़ता है। जिससें उनकी जेब पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। ऐसे में टैक्सी चालकों के वाहनों को शुल्क फ्री करवाने की मांग की गई। इस दौरान देवाराम मेघवाल, सुलेमान खान, पारसमल, ओखाराम, जोगाराम, खीमसिंह, बदाराम, रणजीतकुमार, हरसनराम, मंगलाराम, ओटाराम, जयंतीलाल, शौकतखान, गफार खां, करनाराम समेत कई टैक्सी चालक मौजूद थे।

# राज्य सरकार किसानों व आमजन की सुविधाओं को बेहतरीन बनाने के लिए कृत संकल्पित : गर्ग

**लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम व कार्यालय का लोकार्पण**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्य' म के तहत जालोर जिले की लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति कें नवनिर्मित गोदाम मय कार्यालय भवन का लोकार्पण शनिवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, लेटा महंत रणछोड़ भारती व जागनाथ मठ महंत महेन्द्र भारती ने किया। मुख्य सचेतक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों व आमजन की सुविधाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाने के लिए कृत संकल्पित है। लेटा ग्राम पंचायत सहित समस्त विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं, सरकार आगे भी जनता की मांग अनुसार विकास कार्य करवाने में कोई कमी नहीं रखेगी। केन्द्रीय सहकारी बैंक जालोर के प्रबंध निदेशक नारायणसिंह चारण ने बताय कि पूर्व में लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति का मुख्यालय जालोर शहर में ही संचालित हो रहा था जिससे किसानों को ऋण व अन्य सहकारी समिति संबंधित कार्यों के लिए जालोर जाना पड़ता था। मुख्य सचेतक व जालोर विधायक गर्ग ने लेटा ग्राम पंचायत के किसानों व ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए अपने विधायक मद से 15 लाख की राशि समिति के गोदाम मय कार्यालय भवन के लिए स्वीकृत की। कार्य' म में जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, लेटा सरपंच श्रीमती शांतिदेवी, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष खीमाराम माली, जिला परिषद सदस्य दरियादेवी, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान व सुजाराम चौधरी सहित ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम सेवा सहकारी समिति लेटा के गोदाम मय कार्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा 20 अक्टूबर 2024 को किया गया था। उसके उपरांत संबंधित कार्यकारी एजेंसी द्वारा इस कार्य को त्वरित गति से करते हुए लगभग 100 दिनों में कार्य पूर्ण किया। लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति का एक कार्यालय पूर्वानुसार शिवाजी नगर जालोर भी संचालित रहेगा।






राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# शिक्षिकों और विद्यार्थियों को बताया वोट डालने का महत्व, दिलाई शपथ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षिकों और स्कूली बच्चों को वोटर बनने का अधिकार और वोट डालने की महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बीएलओं की ओर से अधिक मतदाता बनाने पर सम्मान किया और मतदान हमारा अधिकार की शपथ दिलाई गई। वहीं पोलिंग बूथों पर बीएलओ ने मताधिकार के इस्तेमाल की शपथ दिलाई।

**पिण्डवाड़ा।** अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार राजपुरोहित के नेतृत्व में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। पालिका अधिशाषी अधिकारी राजपुरोहित ने सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई एवं लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। सहायक राजस्व निरीक्षक गजेन्द्रसिंह राणावत, जमादार कमलेश कुमार, स्वच्छ भारत मिशन से एमआईएस अभियंता विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे। उधर जेआर महाविद्यालय में एनएसएस की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. जेएस पंवार ने वोट के महत्व एवं लोकतांत्रिक देश में भागीदारी के बारे मे जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ पंवार ने सभी विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। संयोजक नरेश कुमार, व्याख्याता खुशवंतसिंह, निलेश कुमार, देवेंद्रसिंह, हिंगलाजदान, ताराराम, दशरथ कुमार उपस्थित रहे।

# ट्रेन से शराब बरामद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे सुरक्षा बल ने अहमदाबाद जनशताब्दी एक्सप्रेस के आरक्षित कोच से शराब की 18 बातलें बरामद की। आरपीएफ निरीक्षक के अनुसार अहमदाबाद जनशताब्दी एक्सप्रेस के आबूरोड पहुंचने पर सघनता से जांच की गई। ट्रेन के आरक्षित कोच एस-2 की सीट 15 के नीचे एक ट्रॉली बैग मिला। किसी भी यात्री ने उनका बैग होने से इंकार दिया। बैग को चेक करने पर उसमें विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 18 बोतलें पाई गई। बरामद शराब का मूल्य करीब 6 हजार दो सौ रुपए आंका गया हैं। आवश्यक कार्यवाही के बाद मामला आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

# फार्म डे एक्टिविटी का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सेंट जॉन्स स्कूल किंडरगार्टन सेक्शन में दो दिवसीय फार्म डे एक्टिविटी का आयोजन किया गया। अनूठी गतिविधि का उद्देश्य नन्हे बच्चों को कृषि व पशुपालन से परिचित कराना था। ताकि, वे बचपन से ही किसानों व उनके योगदान को समझ सकें। प्रधानाचार्या श्रीमती उमाश्याम ने शिक्षिका श्रीमती दीपाली अग्रवाल, श्रीमती मधु शर्मा, श्रीमती सपना शर्मा, श्रीमती प्रेरणा राय, श्रीमती नीतू वर्मा को बधाई दी।

# कुरीतियां दूर करने को किया जागरूक

**आबूरोड।** पुलिस विभाग, जन चेतना संस्थान व कैलाश सत्यार्थी के सहयोग से परवाज अभियान के तहत मोरथला उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समुदाय, शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों व बज्चों के साथ बाल विवाह, बाल श्रम, महिला एवं बच्चों के खिलाफअपराध सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर जागरूक किया गया। सभी को कुप्रथाओं से मुक्त कराने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस दौरान प्रिंसिपल लता, जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल खरे, अध्यापक जयदीप शर्मा, पूर्णिमा पटनी, सुनीता यादव आदि मौजूद थे।

























# नाबालिग छात्रा को किया परेशान, पहुंचा हवालात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** युवक को स्कूल की नाबालिग छात्रा को परेशान करना भारी पड़ गया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट टीम ने कार्रवाई कर युवक को गिरफ्तार किया। दूरभाष के जरिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को युवक द्वारा परेशान करने की सूचना मिली। यातायात शाखा की महिला कांस्टेबल श्रीमती सुलोचना, हाल कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने बताया कि पुलिस थाना मंडार के भटाणा हाल माउंट आबू की जनता कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय विशाल पुत्र केवाराम मेघवाल स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से सोशल मीडिया से जुडकर उसका ब्रेनवॉश कर उसने एकाएक छात्रा से संपर्क काट दिया। जिससे छात्रा अवसाद में आ गई। वह गत कई दिनों से स्कूल नहीं जा रही है। घर पर आए दिन अपने शरीर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। इस पर आरोपी विशाल मेघवाल को थाने पर तलब किया। घटना के संबंध में हैड कांस्टेबल विक्रम कुमार द्वारा पूछताछ की गई। लेकिन, युवक घटना के संबंध को सिरे से नकारने लगा। जवाब देने के बजाय उलटे सवाल करने लगा। साथ ही छात्रा व उसके परिवार को देख लेने की धमकी देने लगा। इस पर आरोपी को बीएनएसएस की धारा 170 में गिरफ्तार किया गया।



▶ तेरह नवमतदाताओं को वितरित किए इपीक कार्ड

# उत्साह से मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 42 कार्मिक सम्मानित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को उत्साह के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्य म जिला परिषद सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री द्वारा 42 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले 13 नव मतदाताओं को इपीक कार्ड वितरित किए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्मिकों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर शतायु मतदाता चुन्नीलाल को जिला कलक्टर एवं ट्रांसजेंडर गादीपति आशाबाई को तहसीलदार निर्वाचन रेखादेवी ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्रथम मतदाताओं को इपीक कार्ड का वितरण किया। जिला कलक्टर ने कार्मिकों से कहा कि जल्द ही देश एक अरब से अधिक मतदाता वाला देश बनने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष मतदाता सूची संशोधन, नामंकरण व पुनरीक्षण कार्य म आदि पर प्रकाश डाला। स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी द्वारा स्वीप गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान नव मतदाताओं ने मतदान के क्षेत्र में अपना नजरिया बताया।

**सुमेरपुर।** राउमा विद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र स्तरीय 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कालूराम कुम्हार व तहसीलदार दिनेशकुमार आचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी सज्जनसिंह जैतावत ने बताया कि कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सबको चुनाव आयोग की भावना को समझते हुए 18 वर्ष के युवाओं को इससे जोड़ते हुए शत-प्रतिशत मतदान करवाने में अपनी सहभागिता देते हुए राष्ट्र के विकास में अपना मजबूत योगदान देना होगा। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2 पर्यवेक्षक और 8 बूथ लेवल अधिकारी व लोकसभा आम चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 कार्मिकों को स्मृति चिह्न और योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर रजिस्ट्रेशन करवाने वाले नवीन मतदाताओं का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभाओं का सम्मान किया। सभी को चुनाव में भागीदारी निभाने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य गजेंद्रसिंह राणावत ने मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। समारोह में छात्रा खुशबू बारोठ, निधिराज व दीपिका सुथार ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सुमेरपुर दिनेश आचार्य, प्रधानाचार्य गजेंद्रसिंह राणावत, पाबूसिंह राणावत, कैलाश जानी, दिलीपसिंह, रामचंद्र और चुनाव शाखा प्रभारी सहायक प्रोग्रामर जगदीश बैरवा और निजी सहायक विकास मीना मौजूद थे।



**सांडेराव।** कस्बे में पत्रकार महावीर मेवाड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। मेवाड़ा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन चुनाव आयोग की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है जिसकी स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। इस दिन का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें मतदान प्र या में स य रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्य म आयोजित किए जाते है जिनमें मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान प्र या के बारे में जानकारी देना, और मतदान के महत्व को बढ़ावा देना शामिल है। युवाओं को वोट के लिए प्रेरित किया जाता है। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य कपूरचंद्र परिहार, मोतीसिंह राजपुरोहित, घनश्याम लोहार, बीएलओ प्रभारी सेताराम, मोहनलाल, अशोक मीणा, मुकेशकुमार, नितेश बोराणा, महेंद्रसिंह मीणा, दिनेशकुमार मौजूद थे।



**बाली।** उपखंड मुख्यालय पर शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस कार्य म की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई ने की। कार्य म का मुख्य विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम... रहा। समारोह में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एसएसआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों को उपखंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्नोई ने मतदाता जागरूकता और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्य म में विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा, प्रशासनिक अधिकारी ताराचंद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी लालसिंह, संदर्भ व्यक्ति अशोककुमार शर्मा, सूचना सहायक नितिशकुमार सहित तलाराम, बाबूलाल मीणा, राकेशकुमार, सोहनलाल और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्य म आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. आईदानसिंह राजपुरोहित ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भिक होकर मतदान करना प्रत्येक वयस्क नागरिक का प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य मनीष दहिया, डॉ रचना यादव, प्रवीण गोयल भी उपस्थित थे।



## ये कार्मिक हुए सम्मानित


इस अवसर पर पुनरीक्षण कार्यक्रम में पाली जिला अव्वल रहने पर विमलेन्द्र राणावत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उपखंड अधिकारी) पाली को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जितेन्द्रसिंह सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बाली, सुरेन्द्र जैन अतिरिक्त नोडल अधिकारी निर्वाचन शाखा पाली, चन्द्रेशपाल सिंह अति. जिला शिक्षा अधिकारी, आशीषसिंह प्रगणक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मा.जंक्शन, हरभजनसिंह यादव पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक 116-जैतारण, प्रेमचन्द परिहार, पर्यवेक्षक वरिष्ठ अध्यापक 117-सोजत, अशोककुमार पर्यवेक्षक वरिष्ठ अध्यापक 118-पाली, दलपतसिंह, पर्यवेक्षक व्याख्याता 119-मा. जं., नरेन्द्र गरासिया पर्यवेक्षक व्याख्याता 120-बाली, राजेशकुमार पर्यवेक्षक व्याख्याता 121-सुमेरपुर, अनिल गौड़ बीएलओ अध्यापक 116-जैतारण, ओमप्रकाश बीएलओ अध्यापक 116-जैतारण, मो. सुल्तान खान बीएलओ अध्यापक 117-सोजत, खेताराम बीएलओ अध्यापक 117-सोजत, सुरेशकुमार बीएलओ अध्यापक 118-पाली, चिमनाराम बीएलओ अध्यापक 118-पाली, भूराराम, बीएलओ अध्यापक 119-मा.जं., भंवरसिंह बीएलओ पंचायत अध्यापक 119-मा.जं., कमलेश परिहार बीएलओ अध्यापक 120-बाली, बाबूलाल सरेल बीएलओ अध्यापक 120-बाली, छगनलाल, बीएलओ अध्यापक 121-सुमेरपुर, सोहनलाल बीएलओ पंचायत अध्यापक 121-सुमेरपुर, विनोदकुमार अध्यापक लेवल प्रथम 116-जैतारण, हेमन्तकुमार प्रबोधक 117-सोजत, मांगीलाल अध्यापक लेवल-प्रथम 118-पाली, मांगीलाल गर्ग अध्यापक 119-मारवाड़ जंक्शन, सैयद्द इश्तियाक अली अध्यापक 120-बाली, कैलाश जींगर कम्प्यूटर अनुदेशक 121-सुमेरपुर, गजेन्द्र दवे प्रधानाचार्य प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, आनन्द सैन सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरओ प्रकोष्ठ, हनुवंतसिंह कनिष्ठ सहायक निर्वाचन शाखा, जयप्रकाश राजपुरोहित सहायक प्रशासनिक अधिकारी पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ, मदन राखेचा व्याख्याता नियुक्ति प्रकोष्ठ, अनिल कोठारी सहायक प्रोग्रामर सीसीटीवी प्रकोष्ठ, अनुपम शर्मा व्याख्याता कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ, नीमाराम देवासी प्रधानाध्यापक भंडार प्रकोष्ठ, कन्हैयालाल चौहान वरिष्ठ अध्यापक भंडार प्रकोष्ठ, उम्मेदसिंह कम्प्यूटर अनुदेशक स्वीप प्रकोष्ठ, नरेन्द्र चौधरी सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, अनिलकुमार सहायक प्रोग्रामर वेब कास्टिंग प्रकोष्ठ एवं भानूप्रतापसिंह राठौड़ सहायक प्रोग्रामर सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को सम्मानित किया गया।

## मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में किया रुद्राभिषेक, गूंजी वेद ऋचाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** भूतेश्वर वन क्षेत्र स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में जनकल्याण के लिए वैदिक ऋचाओं के बीच विधि विधान से रुद्राभिषेक किया गया।



पं अशोक शास्त्री के अनुसार पं जीवनकिशोर जोशी एवं रोहित जोशी के आचार्यत्व में वेदपाठी पंडितों ने गणपति पूजन एवं रुद्राभिषेक किया। भजन गायक गणपत जोशी, राजेंद्र व्यास, विजेश व्यास, प्रकाशकुमार, हरीश भाटी, बाबूलाल सेन एवं शिवराम समेत अन्य ने भगवान शिव को समर्पित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। आचार्य पं अशोक दवे ने अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना दिवस पर सनातन धर्म की आस्था अनुसार मंदिर बनने पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान भानुकुमार दवे, शेखरकुमार, गौतम दवे, सुधाकर दवे, योगेश्वर त्रिवेदी, श्रीमती संतोष त्रिवेदी, गिरिजा दवे, मनीष त्रिवेदी, यज्ञ त्रिवेदी, डीडी त्रिवेदी, अनिलप्रकाश गोड, कुलदीप देवड़ा, विष्णुदत्त बिस्सा, कैलाशकुमार, सुरेश व्यास, जसवंतराज जैन, सुरेन्द्र कच्छवाह, नरेंद्र वैष्णव, भंवरसिंह सिसोदिया, शैतानसिंह, राजेंद्र वैष्णव, परमेश्वर चौधरी, भरत अग्रवाल, गोपाल गोस्वामी, नारायण माली, रमेशकुमार समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे। इस मौके पर महादेव परिवार का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।

## प्रशासक ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** ग्राम पंचायत प्रशासक शेखर मीणा एवं रमेश चौधरी ने शनिवार को वार्ड नंबर दो में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की स्वीकृति आते ही कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। जारी कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के ठेकेदार को निर्देश दिए। इस दौरान भरतसिंह राव, रमेश चौधरी, किशोर दमानी, हरीराम सरगरा, भीमसिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ठेकेदार संघ ने नंदीशाला में भेंट किया दो ट्रक सूखा चारा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कौम नंदीशाला जाखा नगर में शनिवार को ठेकेदार संघ सुमेरपुर के भामाशाहों के सहयोग से दो ट्रक सूखा चारा भेंट किया गया। नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि पिछले दो माह से कामधेनु नंदीशाला जाखा नगर में चारे की कमी को देखते हुए भामशाहों से अपील की गई थी। भामाशाह प्रकाश कुमावत, प्रेम प्रजापत, अनिल माली, जितेनसिंह, दुर्जनसिंह, दीपक मेवाड़ा, प्रतापराम जोधपुर, तुलसीराम चौधरी, पंकजसिंह, वेलाराम देवासी आदि ने सहयोग दिया। समिति अध्यक्ष किशोर भाटी, लालचंद अग्रवाल, रूपाराम माली, प्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल देवड़ा आदि मौजूद रहे।

## डॉक्टर बनने पर किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** शहर के जोधपुरिया वास निवासी कोचिंग संचालक आनंद जैन के पुत्र लव जैन उर्फ लक्की के 23 वर्ष की आयु में रसिया की केमेरोवो स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी साइबेरिया से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर भारत लौटने पर गणमान्य लोगों की ओर से गृहनगर में स्वागत किया गया। लव जैन ने प्रथम प्रयास में मेडिकल काउंसलिंग ऑफ इंडिया की परीक्षा 19 जनवरी 2025 को उत्तीर्ण की है। डॉ लव जैन के पाली आने पर अधिवक्ता अरिहंत चौपडा, प्रवीण साहू, वीरेंद्रसिंह राजपुरोहित ढारिया, कुलदीपसिंह चौहान आलावास व रवि कटारिया की ओर से स्वागत किया। डॉ लव जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व छोटे भाई फिजियोथेरेपीस्ट डॉ प्रीत जैन को दिया।

## अचरसा बनी सरगरा समाज की महिला विंग की अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा समाज महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पड़ियार के आदेशानुसार राजस्थान प्रदेश महिला युवा अध्यक्ष सुलोचना ने आदेश जारी कर देसूरी निवासी श्रीमती संतोष अचरसा पत्नी मदन अचरसा को पाली जिला महिला युवा पद पर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर संतोष अचरसा का सरगरा समाज नारी शक्ति की ओर से कार्य म आयोजित कर स्वागत किया। अचरसा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरगरा समाज की नारी शक्ति को संगठित कर महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के विशेष प्रयास करेंगी। इस अवसर पर समाज के मांगूनाथ महाराज, साध्वी गीतादेवी, छोगाराम गहलोत, कांतिलाल, मदन अचरसा, संजयकुमार, जगदीशकुमार, अक्षय मारू, कैलाशकुमार, सविताबाई, पुष्पाबाई, नेनुबाई, ताराबाई, रेखा मारू, पिस्तादेवी, पुष्पादेवी, ममतादेवी, आशादेवी, नर्बदादेवी, सुंदरदेवी, सवितादेवी सहित समाजबंधुओं ने खुशी जताई। मांगू नाथ महाराज का आशीर्वाद लेकर श्रीमती संतोष ने पदभार ग्रहण किया। जिला की नवीन कार्यकारिणी अतिशीघ्र घोषित करने की बात कही।



## प्रभारी मंत्री खर्रा कल सोजत दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत सोमवार को सोजत आएंगे। वे सोमवार प्रातः 9 बजे अजमेर से रवाना होकर सवेरे 11 बजे सोजत पहुंचेंगे एवं ट्रोमा सेंटर का उदघाटन करेंगें। वे दोपहर एक बजे सोजत से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिले की दो आशा सहयोगिनी होंगी दिल्ली के राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि

▶ सीएमएचओ ने दोनों आशा सहयोगिनी दंपत्तियों को किया रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले से दो उत्कृष्ट आशा सहयोगिनी दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दोनों आशा सहयोगिनी अपने पति के साथ शनिवार सुबह दिल्ली पहुंच गई। इन दोनों आशा सहयोगिनियों व उनके पतियों के खर्चे का वहन चिकित्सा विभाग द्वारा किया जा जाएगा। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने आशा सहयोगिनी पाली शहर के बजरंग बाडी आंगनवाडी केन्द्र पर कार्यरत श्रीमती अनु चौहान एवं सोजत ब्लॉक के सोजत रोड आंगनवाडी केन्द्र पर कार्यरत श्रीमती यशुमती के टिकट बनवा कर उन्हें दिल्ली के लिए रवानगी दी। मारवाल ने बताया कि यह पहली बार है जब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्य मों से आमजन को जोड़ने वाली तथा समुदाय में कार्य करने वाली आशाओं को दिल्ली में आयोजित कार्य म का निमंत्रण मिला है। मारवाल ने आशाओं को स्वयं प्रेरित होकर आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने तथा विभाग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्पादन कार्ययोजना बनाकर श्रेष्ठ तरीके से पूरा करने वाली कार्यकर्ता बताया। दोनों आशाओं ने बताया कि वो गौरवान्वित है कि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथी शामिल हो रही है। जिला कार्य म समन्वयक कुलदीप गोस्वामी ने बताया कि दोनों आशा सहयोगिनी अपने जीवनसाथी के साथ समारोह में भाग लेंगी।

जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

## जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री कुमावत करेंगे ध्वजारोहण



**पाली।** गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह रविवार को जिला मुख्यालय स्थित बांगड स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के अनुसार सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ध्वजारोहण करेंगें। परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारी की ओर से राज्यपाल का संदेश पठन किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा व्यायाम का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य अतिथि का उदबोधन होगा। स्वतंत्रता सेनानी, युद्धवीरांगनाओं का सम्मान एवं पुरस्कार व प्रशिस्त पत्र का वितरण कार्यक्रम होगा। 10.25 बजे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्य म एवं 10.45 पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास व योजनाओं की झांकियों का प्रस्तुतिकरण होगा। 11 बजे राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन होगा।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को लेकर ग्रामसभा आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** स्वराज अभियान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया अंतर्गत जारी निर्देशों की पालना में शासन सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र 'मांक अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पारदर्शी एवं जवाबदेह रीति से यान्वियन एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अभिलेखों के प्रकटीकरण व पारदर्शिता संधारित किए जाने को स्थानीय प्राधिकारियों के माध्यम से 26 जनवरी को सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के अनुसार इसके तहत उचित मूल्य दुकानों, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के यान्वयन के संबंध में सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में ग्राम सभा में संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## बालिकाओं को वितरित की साइकिलें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं में नव प्रवेशित छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य मोतीसिंह राजपुरोहित ने राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बालिकाओं को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने व शिक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान कुल 36 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण प्रभारी महेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कपूरचंद परिहार ने की। महावीर मेवाड़ा, भूराराम मालवीय, रतनसिंह राठौड़, अनाराम मीणा की मौजूदगी में साइकिलें वितरित की गई। परिहार ने कहा कि सरकार की मंशा यह है कि एक भी बालक-बालिका विद्यालय से वंचित ना रहे। मालवीय ने राज्य सरकार की बालिकाओं प्रोत्साहन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूर-दराज क्षेत्र से ढाणियों से विद्यालय आने वाली बालिकाओं के लिए विद्यालय तक पहुंचने के लिए सुविधा होगी। इस दौरान बाबूलाल माली, दिनेशकुमार, मन्नाराम, संजय यादव, कविताकुमारी, प्रफुल्ल राणावत, नीतू चारण, अंजू त्यागी, सावित्री कुमारी, शांति छाबा भी मौजूद थी।





# बेहतर उपचार से नन्ही जान को मिली नई जिंदगी

## प्री मैच्योर डिलेवरी का मामला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली के जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की मेहनत से अदभूत चिकित्सकीय सफलता हासिल की गई है। यहां 28वें हफ्ते में जन्मे मात्र एक किलोग्राम वजन के शिशु को लगातार बेहतर उपचार देकर नया जीवन दिया गया। चिकित्सकों और स्टाफ की 78 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद बच्चा स्वस्थ होकर 1.62 किलोग्राम के वजन के साथ घर लौटा तो परिवार की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेशकुमार नैण के अनुसार मां के उच्च रक्तचाप और प्लेसेंटा में लीक की समस्या के कारण 28वें हफ्ते में ही प्रसव कराना पड़ा। जन्म के तुरंत बाद श्वास की समस्या के कारण शिशु को एनबीएसयू वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। बच्चे को नली के माध्यम से मां का दूध दिया गया और खून की कमी के कारण तीन बार रक्त चढ़ाना पड़ा। चिकित्सकों ने कंगारू केयर पद्धति का भी सहारा लिया, जिसमें मां अपने शिशु को अपनी त्वचा से सटाकर रखती है। धीरे-धीरे बच्चे का वजन बढ़ने लगा और उसे चम्मच से मां का दूध पिलाना शुरू किया गया। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत टेलर ने इस सफलता का श्रेय पूरी मेडिकल टीम को दिया। उन्होंने बताया कि नर्सिंग अधिकारी भंवरलाल मोबारसा, चंदन बाला, धनवंती, शांता, संतोष, लीला और हेल्पर कमला सहित पूरे पैरामेडिकल स्टाफ ने अथक प्रयास किए। शिशु के परिवार ने चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत की वजह से आज उनका बच्चा स्वस्थ है।



# विहिप व बजरंग दल की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** कस्बे में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक शनिवार को राजेश पटेल संगठन मंत्री जोधपुर प्रांत, नरेंद्र बोहरा प्रसार प्रमुख जोधपुर प्रांत, प्रेमसिंह राठौड़ जोधपुर, जिला उपाध्यक्ष लखमाराम परमार, बाली विहिप जिला सहमंत्री रतनपुरी गोस्वामी, देसूरी प्रखंड संयोजक बजरंग दल गजेन्द्रकुमार वैष्णव, लालाराम सीरवी नगर मंत्री, भीमाराम नगर सह मंत्री, मांगीलाल चौधरी नगर संमरस्था प्रमुख राहुल बंजारा, गजेन्द्र बंजारा, जतिन बंजारा, तरुण बंजारा के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें विहिप के वर्धाराम चौधरी सत्संग प्रमुख, मदनलाल बावरी गौरक्षक प्रमुख, दिनेशकुमार बावरी, हिना कुमावत दुर्गा वाहिनी नगर संयोजक को नया दायित्व दिया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य मंगलदास वैष्णव, ओमपाल सिंह राव, संपत खत्री, विशाल दवे, सोहनलाल सोनी, लालाराम चौधरी, मुकेशकुमार माली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# गांव गांव पहुंची ज्योति कलश रथ यात्रा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ज्योति कलश रथ यात्रा का शनिवार को जवाई बांध पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत किया गया। बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष बृजमोहन मेवाड़ा ने बताया की कलश रथयात्रा के जवाई बांध पहुंचने पर समस्त ग्रामीणों ने स्वागत किया। उसके बाद सामूहिक द्वीप यज्ञ, भजन, सत्संग एवं पुजारी दिनेश व्यास ने पूजा अर्चना करवाई। कलश रथयात्रा में उत्तम अग्रवाल, रूपनारायण शर्मा, प्रेमभाई अग्रवाल, विजय मेवाड़ा, भेरूसिंह, उज्जवल व्यास, दीपक जीनगर, गिरधारीलाल, कुलदीपसिंह इन्दा, सुरजीतसिंह इन्दा एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। दिव्य ज्योति रथ के शनिवार को कोलीवाड़ा पहुंचने पर स्वागत किया। चारभुजा मंदिर एवं रामदेव मंदिर चौक पर दिव्य आरती का आयोजन किया। युवा भारत प्रदेश प्रभारी नरेन्द्र आस्था, जगदीश सुथार, स्वरूपसिंह उदावत, बजरंगसिंह, मनोहरसिंह उदावत, मनोहरसिंह देवड़ा, उत्तमसिंह देवड़ा, गोपाल कुमावत, मोहन भाटी मौजूद थे।



# महाकुंभ में महंत हितेश्वरानंद सरस्वती को मिलेगी महामंडलेश्वर की उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** महाकुंभ के दौरान रविवार को आयोजित भव्य समारोह में मानव कल्याण आश्रम के महंत दुर्गेशानंद सरस्वती के शिष्य कटावला मठ चावंड उदयपुर के महंत स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज का पट्टाभिषेक कर महामंडलेश्वर बनाया जाएगा। महामंडलेश्वर का विशिष्ट सम्मानजनक पद विशेष आध्यात्मिक और धार्मिक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। मेवाड़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि किसी संत को पहली बार महामंडलेश्वर बनाया जा रहा है। महामंडलेश्वर की उपाधि मिलने पर स्थानीय भक्तों व नगर वासियों में खुशी की लहर दौड़ी। महाराणा प्रताप की निर्वाण स्थली चावंड में करीब 550 वर्ष पुराना जागनाथ महादेव मंदिर कटावला मठ है। महाराज का जन्म पाली जिले के सुमेरपुर के समीप चाणोद में हुआ। श्रीमाली ब्राह्मण कुल में जन्मे घनश्याम ब्रह्मचारी की माता का नाम हुलासी देवी है। ननिहाल केलवाड़ा कुंभलगढ़ है। संत घनश्याम ब्रह्मचारी ने जीवन से सीधा संन्यास जीवन में प्रवेश लिया। गुरु परंपरा स्वामी दुर्गेशानंद सरस्वती महंत मानव कल्याण आश्रम हरिद्वार का अनुगमन करते हुए वे बीते 14 से अधिक वर्ष से कटावला मठ चावंड में निवासरत हैं।



# बागसीन व मोरली गांव की स्कूलों में मनाया वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागसीन में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र कैलाश कुमार को राज्य सरकार की ओर से टेबलेट दिया गया। कार्यवाहक संस्था प्रधान रमेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। महावीरसिंह ने गांव एवं विद्यालय की समस्या से अवगत कराया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, नारायणसिंह देवड़ा, पूरणसिंह देवड़ा, छगनसिंह देवड़ा, गोविन्द सुथार व भामाशाह तथा ग्रामवासियों का सानिध्य रहा। जगदीश कुमार मीणा, रेवतसिंह, पकाराम, दिनेशसिंह, राजेश सोनी, राजाराम मीणा, प्रागाराम, नरेश कुमार, सुरेश कुमार, वरदीचंद माली, धर्मेन्द्र कुमार, रमेश कुमार मेघवाल, खुमाराम, मुकेश कुमार, आरती, सुशीला, जुजाराम, सुनील खरौड, डुंगरसिह उपस्थित थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरली में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य अतिथि में वार्षिकोत्सव मनाया गया। विशनसिंह देवड़ा, जितेन्द्रसिंह देवड़ा, अशोक कुमार, आशा कंवर की उपस्थिति में संस्था प्रधान निलेश त्रिवेदी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# क्षत्रिय युवक संघ ने मनाई संस्थापक की जयंती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** शहर के वीर दुर्गादास शाखा राजपूत छात्रावास में विद्यार्थियों द्वारा क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की 101वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। छात्रावास अधीक्षक जवानसिंह और छात्रों द्वारा तनसिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। संघ से शाखा व शिविर द्वारा जुड़ने व उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। इसी तरह धींगाणा शाखा, रायपुर शाखा सहित अनेक शाखाओं में भी जयंती मनाई गई। मनोहरसिंह निम्बली उड़ा के अनुसार बाड़मेर स्थित भारतीय ग्राम्य आलोकायन आश्रम में आयोजित मुख्य कार्य' म में संस्थापक तनसिंह की आदमकद मूर्ति स्मारक का अनावरण किया गया।



# कांग्रेस ने संविधान के साथ किया खिलवाड़ : देवासी

## संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** संविधान गौरव अभियान के तहत शनिवार को भाजपा की ओर से वैद्यनाथ महादेव मंदिर परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने डॉ अबेडकर, भारतमाता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज किया। मुय वक्ता राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि 75 साल की इस यात्रा में 65 साल कांग्रेस के नेताओं ने इस देश पर राज किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की ओर से बनाए गए संविधान के साथ कांग्रेस ने खिलवाड़ किया था। डॉ अंबेडकर ने जीवन पर्यन्त देश के अन्दर फैली कुरूतियों का जमकर विरोध कर उनको दूर करने का प्रयास किया था। देश के संविधान निर्माण से ही सभी को समान अधिकार कैसे प्राप्त हो बाबा साहेब के आदर्शों को कैसे समाज अनवरत याद रखे। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि बाबा साहब के आदेशों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है। देश के बहुजनों के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले अंबेडकर के विरासत को मोदी सरकार आगे बढ़ाते हुए सभी सपनों को साकार कर रही है। जिला महामंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक योगेंद्र गोयल ने कहा कि संविधान की 75 वर्ष पूरे होने के चलते पूरे देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी के योगदान के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, दीपाराम पुरोहित, प्रधान हसमुख मेघवाल ने अबेडकर के जीवनी एवं कार्यों की जानकारी साझा की। मंच संचालन समिति अभियान के सदस्य नारायण देवासी ने किया। भंवरलाल मेघवाल, अमराराम प्रजापत, ताराराम माली, रामलाल मेघवाल, प्रवीण राठौर, निंबाराम देवासी, लक्ष्मी नारायण सहित वक्ताओं ने संविधान शिल्पकार बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा संविधान बनाने में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा मंडल अध्यक्ष,मोर्चा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।





# पॉक्सो कोर्ट ने दिए थानाधिकारी के खिलाफ मुकदमे के आदेश

## रेप के आरोपी को किया बरी, निर्देशों की अवहेलना का आरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पोक्सो विशेष न्यायालय के विशिष्ठ न्यायाधीश अनूप कुमार पाठक ने एक मामले में आरोपी को दोष मुक्त करते हुए तत्कालीन मंडार थानाधिकारी भंवरलाल के खिलाफ राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश की पालना नहीं करने अभियुक्त को झूठा फंसाने के लिए उक्त आदेश को जांच तथा कागजों में नहीं लेने और मिथ्या साक्षी एकत्रित करने के अपराध में प्रसंज्ञान लेने की आदेश दिए हैं। अभियुक्त अधिवक्ता भैरुपालसिंह बालावत ने बताया की न्यायालय में लंबित एक प्रकरण में न्यायालय अनुसंधान अधिकारी ने राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए संरक्षण आदेश एवं उक्त आदेश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सिरोही के दिए गए आदेश की पालना नहीं करने तथा दस्तावेजों को कागजों और जांच में नहीं लिया। उच्च न्यायालय जोधपुर एवं पुलिस अधीक्षक सिरोही के आदेश के विपरीत पीड़िता को उसके परिजनों के सुपुर्द किया। जबकि उच्च न्यायालय ने परिजनों के खिलाफ ही संरक्षण आदेश दिया था। न्यायालय यह भी माना कि अनुसंधान अधिकारी ने जानबूझकर पीड़िता एवं अभियुक्त द्वारा लिव इन में रहने के तथ्य को जानबूझकर जांच में तथा कागजों में नहीं आने दिया। उक्त दूषित अनुसंधान के कारण आरोपी को एक महीना दो दिन न्यायिक अभिरक्षा में रहना पड़ा और 1 वर्ष तक न्यायालय की अन्वीक्षा भुगतान पड़ी है।

### यह था मामला

मंडार थाने में 27 जुलाई 2023 को एक विवाहिता ने रिपोर्ट दी कि वह उसके पति के साथ खेत पर बने आवासीय मकान में परिवार के साथ निवास करती थी। वहां एक युवक चार माह से उसके साथ बात करने एवं शादी का दबाव देकर धमकाने लगा। जिस पर मना करने पर उसने मोबाइल पर जहर की शीशी की फोटो भेज कर मरने की बात कही। इस पर 19 जुलाई की रात को वह लड़का आया और उस विवाहिता को जबरदस्ती बैठाकर अहमदाबाद पुणे उदयपुर अलग-अलग स्थान पर घूमते हुए उसे जोधपुर ले गया। जहां खाली कागज पर हस्ताक्षकर करवाएं तथा सिरोही लेकर आने लगा। रास्ते में उसके पास से आभूषण भी ले लिए।

### यह जारी हुआ था आदेश

विवाहिता और युवक ने जोधपुर में लिव इन रिलेशनशिप में रहने का करार पत्र लेकर उच्च न्यायालय जोधपुर की शरण लेकर सास-ससुर व पीहर वालों के विरुद्ध संरक्षण मांगा था। जिस पर न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक सिरोही को पीड़ितों को संरक्षण देने के आदेश जारी किए थे।

मंडार के तत्कालीन थानाधिकारी व जांच अधिकारी भंवरलाल ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेश को रिकॉर्ड में ही नहीं लिया, बल्कि गलत रूप से जांच करते हुए युवक को दुराचार का आरोपी बताकर न्यायालय के समक्ष पेश किया और उसे जेल भेज दिया था, जिसके चलते युवक को एक महीना दो दिन न्यायिक अभिरक्षा में रहना पड़ा। पोक्सो न्यायालय में जांच अधिकारी भंवरलाल ने बयानों में बताया कि उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा पारित आदेश को अनुसंधान में नहीं लिया है, और ना ही पुलिस अधीक्षक के आदेशों को माना गया।

### यह दिए आदेश न्यायालय ने

इस मामले में पोक्सो न्यायालय के विशिष्ठ न्यायाधीश अनूप कुमार पाठक ने आदेश में स्पष्ट लिखा है कि आरोपी को दोष मुक्त घोषित करने के साथ ही मंडार थाने के तत्कालीन अनुसंधान अधिकारी भंवरलाल के खिलाफ फौजदारी प्रकरण दर्ज कर उक्त निर्णय की प्रति तहरीन के साथ पुलिस महानिदेशक जयपुर को भेजी जाए।

# बीएलओ व सुपरवाइजर का किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम अरविंद पैवेलियन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 बीएलओ व सुपरवाइजर्स का समान किया। नवीन मतदाताओं को भी समानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी को जागरूक मतदाता बनने एवं मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दिनेश राय सापेला ने कहा कि चुनाव में सबसे अधिक भागीदारी मतदाताओं और प्रशासन की होती है साथ ही निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया करवाना बहुत जिमेदारी पूर्ण कार्य है। जिसमें सभी का सहयोग रहता है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी हरिसिंह देवल ने बताया कि देश ने आजादी के बाद अपने 75 वर्ष के कालखंड में बहुत विकास किया। उप अधीक्षक मुकेश चैधरी, तहसीलदार जगदीश विश्नोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, बीएलओ सुपरवाइजर्स तथा नवीन मतदाता उपस्थित थे।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि मतदाता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा ने विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीतासिंह ने छात्रों को मताधिकार की महत्वता और चुनावी प्र' या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने बताया कि इस आयोजन का मुय उद्देश्य खासकर नए मतदाताओं को जोड़ना और मतदाता संया बढ़ाना है।



**वेलांगरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान भरतसिंह आढ़ा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी दी। व्यायाता भीमसिंह ने राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के गठन तथा उसकी कार्य प्रणाली की जानकारी दी। सुपरवाइजर भंवरलाल माली ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने तथा राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी। एसडीएमसी सदस्य ईश्वर राजपुरोहित, लादूराम पुरोहित सिलोईया, विनाराम, आनंदसिंह देवड़ा, दिनेश कुमार, सुरेंद्रसिंह, इस्माइल खान, बाबूलाल माली, अनिता भाटी, रमेशकुमार, बीएलओ मानाराम देवासी, हरदीपसिंह, दशरथसिंह एवं शांतिलाल सहित उपस्थित रहे।



**आबूरोड।** श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। स्टॉफ सदस्य एवं छात्राध्यापिकाओं को प्रत्येक चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मुय ट्रस्टी हरीश गुप्ता ने मत की जानकारी साझा की। प्राचार्या डॉ. अलका जैनने मतदान का सही प्रयोग करने की प्रेरणा दी। ट्रस्ट सचिव मनीष जैन ने विचार व्यक्त किए। डॉ. रवि कुमार मीणा ने कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला।



# माधव विवि में शिक्षा और सामाजिक कार्यों की अहम बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्व विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक कार्यों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने की। बैठक में शिक्षा और छात्रों को सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। चैयरमेन डॉ राजकुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इन कदमों में शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में समाज सेवा की भावना विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एकजुट होकर यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को एक जिमेदार नागरिक बनाने के लिए कई नई पहल करेगा, ताकि वे सिर्फ अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिमेदारियों को निभाने में भी सक्षम हों। चेयरपर्सन हिमतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत व होयोपैथिक विभाग की निदेशक डॉ भारती देसाई और विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को दी विधिक जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मानपुर के वीर बाला कालीबाई राजकीय कन्या आश्रम छात्रावास में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। पूर्व अपर लोक अभियोजक हसीब अहमद सिददीकी, पैनल अधिवक्ता भावाराम गरासिया, अधिवक्ता अजीत देवासी, तालुका विधिक सेवा समिति की सचिव बेदी वर्मा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिददीकी ने बालिकाओं के अधिकारों से सबंधित शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा से सबंधित अधिकारों के बारे में जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता गरासिया ने बालिकाओं को अपने जीवन से सबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया। महिला-पुरूष समानता का अधिकार, बालिका शोषण के खिलाफ जागरूक किया। बाल संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलु हिंसा अधिनियम, बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रावास वार्डन श्रीमती हेमा चौधरी, रेखा, बालिकाएं, स्टाफ मौजूद था।

**कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सायला (जालोर)**

क्रमांक : संस्था/एचएम/2024-25/15    दिनांक : 24.01.2025

-:: विज्ञप्ति :: -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि इस कार्यालय के अधीन चयनित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रतिमाह 10 एवं अधिकतम 30 दिवस योग सत्र आयोजित किये जाने हेतु योगा प्रशिक्षक प्रतिदिवस राशि रूपयें 250/- प्रतिसत्र पारिश्रमिक के आधार पर योग्य अभ्यर्थीयों से सादे कागज पर आवेदन दिनांक 30.01.2025 तक आमंत्रित किये जाते है।

**निर्धारित योग्यता : -**

1. एम.बी.बी.एस. के साथ 6 माह का योग विज्ञान प्रमाण-पत्र
2. बी.एन.वाई.सी. कोर्स उत्तीर्ण
3. योगा में एम.ए./बी.ए./बी.एससी. उत्तीर्ण
4. योग विज्ञान में पी.जी./ यू.जी. डिप्लोमा उत्तीर्ण
5. आयुष नर्सिंग और फार्मेसी में डिप्लोमा
6. न्यूनतम 6 माह का योगा में प्रमाण-पत्र कोर्स मय हायर सैकेण्डरी

**खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**सायला (जालोर)**

# महाकुंभ मेले में देशभर से आए 50 हजार भिखारी

**प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर एक महिला तड़पती दिखी। हाथ में गंभीर घाव। सामने एक थाली है। वह बार-बार हाथ ऊपर उठाकर आने-जाने वालों को अपने घाव दिखाती। श्रद्धालु सिक्के, नोट और अनाज डालकर आगे बढ़ जाते। शाम को वह पैसे समेटकर उठी। एक व्यक्ति के साथ मिलकर बोरी में अनाज भरी और चली गई। ऐसे दृश्य महाकुंभ मेले में आम हैं। एक समूह में महिलाएं, पुरुष और बच्चे हाथ-पैर में घाव के निशान लगाकर संगम में पहुंचे हैं। वे दिनभर भीख मांगते हैं, फिर वापस चले जाते हैं।**



## जो एक्टिंग में ज्यादा माहिर वह सबसे प्राइम लोकेशन पर

*प्रयागराज महाकुंभ 25 सेक्टर में फैला है। यह पूरा एरिया 40 वर्ग किलोमीटर में है। 10 वर्ग किलोमीटर का एरिया प्राइम लोकेशन है। इसमें संगम घाट, किला, अक्षय वट, प्रमुख अखाड़े और लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर आता है। यहां आप जिधर भी जाएंगे, आपको भीख मांगते लोग नजर आएंगे। अगले दिन आप फिर जाएंगे तो आपको भिखारी उसी जगह पर दिखाई देंगे। भिखारियों ने अपनी जगह फिक्स कर ली है। कोई भी किसी और की जगह पर बैठकर भीख नहीं मांग सकता। हम संगम नोज पर पहुंचे। महाकुंभ में आए हर श्रद्धालु की इच्छा होती है संगम पर पहुंचे और डुबकी लगाए। इसलिए यहां सुबह से लेकर रात तक लगातार भीड़ रहती है। भीख मांगने के लिहाज से देखा जाए तो यह सबसे प्राइम लोकेशन मानी जाती है। यहां हमें एक लाइन से करीब 100 भिखारी बैठे नजर आए। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। उसके बाद बच्चियों की और फिर बुजुर्ग बैठे दिखे।*



## किसी के हाथ तो किसी के पैर में गंभीर घाव

*संगम घाट के सबसे नजदीक एक महिला भिखारी लेटी थी। शरीर को शॉल से ढक रखा था। घाव वाला हाथ बाहर निकला था, उसी को बार-बार ऊपर-नीचे कर रही थी। आने-जाने वाले लोग उसकी इस दुर्दशा पर तरस खाते और अपने साथ लाए अनाज दे देते। जो अनाज नहीं लाए थे वह पैसे देते। इसके ठीक पीछे जो महिलाएं थीं उनके भी हाथ में चोट थी। इनकी एक लंबी लाइन थी। हर 10 फीट पर एक भिखारी था। हम यहां करीब 2 घंटे रुके। इनकी हर एक्टिविटी को समझा। शाम हुई तो सभी ने अपना सामान समेटना शुरू किया। हमने कुछ भिखारियों से उनके घाव को लेकर बात की। इस पर सभी ने घाव छिपा लिया। कैमरा देखकर कोई भी बात करने को तैयार नहीं हुआ। सबने अपना चेहरा तक छिपा लिया। हमारी कोशिश थी कि पता करें कि ये घाव कैसे तैयार करते हैं? क्या लगाया जाता है? क्योंकि इसमें छोटी उम्र की बच्चियां भी शामिल थीं।*

## भिखारी कहां-कहां से आए

पुलिस के मुताबिक, मेला शुरू होने से पहले करीब 7 हजार भिखारी थे। जैसे ही महाकुंभ मेला शुरू हुआ भिखारियों की संख्या बढ़ती चली गई। अब यह संख्या 50 हजार तक पहुंच गई है। इसमें ज्यादातर प्रयागराज जिले के ही हैं। कुछ पड़ोसी जिले प्रतापगढ़, मिर्जापुर, चित्रकूट, वाराणसी और कौशांबी के हैं। इसके अलावा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के भिखारी भी आए हैं।

## पैसे के लिए यह सब करते हैं

हमने कैमरा छिपा लिया। एक भिखारी से पूछा क्या यह घाव असली हैं? वह कहता है सबके घाव नकली हैं। सभी गरीब हैं, इसलिए ऐसा करके भीख मांग रहे हैं। एक महिला से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। वह लगातार कहती रही यहां से चले जाओ। इसी तरह से एक लड़की से हमने कहा, तुमको अगर इतना घाव है तो बताओ हम लोग इलाज करवाते हैं, लेकिन वह लगातार घाव छिपाने की कोशिश में लगी रही।

## हनुमान मंदिर पर फिक्स भिखारी

*संगम के अलावा सबसे ज्यादा भिखारी लेटे हुए हनुमान मंदिर के पास दिखाई देते हैं। यहां जो भीख मांगते हैं, वह लंबे समय से हैं। कॉरिडोर बन जाने की वजह से अब इन्हें अंदर एंट्री नहीं मिलती, इसलिए यह मंदिर से निकलने वाले रास्ते पर एक कतार में बैठे दिखाई देते हैं। जो नए भिखारी आए वह यहां दूर बैठ रहे हैं। हनुमान मंदिर के आसपास करीब 500 भिखारी बैठे नजर आते हैं। यहां नकली घाव वाले नहीं दिखते। प्रमोद यहां करीब 10 साल से भीख मांग रहे हैं। उनकी दोनों आंख नहीं है। भारी भीड़ के चलते अब उन्हें भी हटा दिया गया है। वह मंदिर से 100 मीटर दूर पर खड़े होकर भीख मांगते हैं। हमने उनसे बात की। वह कहते हैं, सुबह 8 बजे आ जाता हूं और रात में वापस जाता हूं। प्रशासन ने गेट से हटा दिया। हमने कहा भी कि हम कहां जाएं, उन्होंने कह दिया कि यहां से हटकर दूसरी तरफ चले जाओ।*



## देवी-देवता बनकर भीख मांग रहे बच्चे

*हनुमान मंदिर के आसपास तमाम बच्चे देवी-देवताओं के गेटअप में तैयार होकर भीख मांगते हैं। इसमें ज्यादातर भगवान शिव व कृष्ण बनते हैं। कई बार ये पैर पकड़ लेते हैं, जब तक पैसा नहीं मिलता तब तक छोड़ते नहीं। ऐसी ही एक लड़की सुषमा (बदला नाम) मिली। 8 साल की सुषमा, राधा बनती है। वह बताती है कि एक हफ्ते पहले प्रयागराज के ही कोरांव से आए हैं। एक घंटा तैयार होने में लगते हैं। मम्मी भी मेरी तरह तैयार होकर यही काम करती हैं। हमने पूछा-कितना पैसा मिल जाता है? वह कहती है, 500-600 रुपए मिल जाते हैं। कल 500 रुपए मिले थे। हम गंगा नदी पार कर सेक्टर 20 पहुंचे। यहां सारे प्रमुख अखाड़े हैं। यहां पीपा पुल 6 और 7 के बीच तमाम भिखारी दिखे। इसमें 50 प्रतिशत बच्चे थे। यह सभी प्रयागराज के नहीं हैं। कुछ ही दिन पहले कुंभ में भीख मांगने के लिए आए हैं। हमने एक लड़के से पूछा-कहां से आए हो? उसने गांव का नाम जमालपुर बताया। यह गांव असल में जौनपुर में पड़ता है। इस इलाके से करीब 500 लोग कुंभ में भीख मांगने पहुंचे हैं।*

## कुंभ में नागा बनाने वाले होंगे राज

हमारे लिए उनका नाम तो सामान्य था, लेकिन नाम के आगे लगी उपमा यानी कि बर्फानी अजीब लगा। हमने पूछा आपने नाम के आगे बर्फानी क्यों लगाया है? मुनिंदर भारतीय ने बताया कि देश के चार स्थलों पर कुंभ लगता है।

जिस साधु का जहां नागा संस्कार होता है, उसे वहां के हिसाब से उपाधि दी जाती है। जो साधु प्रयागराज में कुंभ के अमृत स्नान (शाही स्नान) के दौरान नागा बनते हैं उन्हें राज राजेश्वरी, जो हरिद्वार में बनते हैं उन्हें बर्फानी, जो नासिक में बनते है उन्हें खिचड़िया और जो उज्जैन के सिंहस्थ (कुंभ) में नागा बनते है, उन्हें खूनी की उपाधि दी जाती है। हमारा संस्कार हरिद्वार के कुंभ में हुआ था, इसलिए हम अपने नाम के आगे बर्फानी लगाते हैं।



## जानवरों की चर्बी से तैयार करते हैं घाव

हम जानना चाहते थे घाव कैसे बनाया है? इसके लिए हमने कई लोगों से संपर्क किया। लोग ऑफ कैमरा बताते हैं, यह जानवरों की चर्बी होती है। इसे बकायदा घाव जैसा डिजाइन करते हैं। इसमें सुलेशन लगा देते हैं, इसकी वजह से मक्खियां इससे दूर रहती हैं। कई बार इसके ऊपर दर्द निवारक कोई बाम लगा दिया जाता है, इससे भी मक्खियां नहीं बैठतीं और घाव ताजा नजर आता है। ये भिखारी इसे हर दिन ऐसे ही ताजा करते हैं। अक्षय वट और हनुमान मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों पर भिखारियों ने अपनी जगहें फिक्स कर रखी हैं। इनकी एक्टिंग इतनी प्रभावी होती है कि श्रद्धालु उनके घावों को देखकर दान करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन घावों को तैयार करने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे ये घाव ताजा और दर्दनाक दिखते हैं। इस

**लोग ऑफ कैमरा बताते हैं, यह जानवरों की चर्बी होती है। इसे बकायदा घाव जैसा डिजाइन करते हैं। इसमें सुलेशन लगा देते हैं, इसकी वजह से मक्खियां इससे दूर रहती हैं।**

प्रक्रिया में अक्सर दर्दनिवारक बाम भी लगाया जाता है, ताकि मक्खियां घाव पर न बैठें और वह ताजगी बनाए रखे। इन भिखारियों से उनके घावों के बारे में पूछा, तो उन्होंने इसका खुलासा किया कि यह घाव नकली होते हैं और केवल भीख मांगने के लिए बनाए जाते हैं। इस दौरान कई भिखारी कैमरा देखकर अपना चेहरा छिपाने लगते हैं और बात करने से मना कर देते हैं। इसके बावजूद, कुछ भिखारी बताते हैं कि उनका परिवार भी इसी व्यवसाय में शामिल है और वे कुंभ में भीख मांगने के लिए दूर-दूर से आते हैं।



## भिखारियों को हटाने के लिए पुलिस की 5 टीम बनीं

***भिखारियों के वेरिफिकेशन और पूछताछ के लिए कुल 5 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम में दो इंस्पेक्टर और 12 सिपाही हैं।***

*भिखारियों से कैसे निपटा जा रहा, इसकी जानकारी लेने हम मेला प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। वहां हमें सीओ विनय कुमार सिंह मिले। वह कहते हैं, भिखारियों के वेरिफिकेशन और पूछताछ के लिए कुल 5 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम में दो इंस्पेक्टर और 12 सिपाही हैं। विनय कुमार ने बताया कि भिखारियों को नैनी के वृद्धा आश्रम में करीब दो घंटे तक रखा जाता है, इस दौरान उनकी पूरी डिटेल नोट होती है। इसके बाद उन्हें वापस घर जाने के लिए कह दिया जाता है, लेकिन ज्यादातर भिखारी फिर महाकुंभ क्षेत्र में ही आ जाते हैं।*

### महाकुंभ में दान का महत्व, इसलिए भिखारी चले आते हैं

भिखारियों के विषय में और जानकारी के लिए हम महाकुंभ पर कई किताबें लिख चुके हैं। वह कहते हैं, महाकुंभ में स्नान, ध्यान और दान की परंपरा है, यह पूरी दुनिया में मशहूर है, यही वजह है कि इस दान की परंपरा का लाभ उठाने के लिए, बहुत सारे भिखारी व भिखारी भेष में लोग पहुंच आते हैं।

## पुलिस हर दिन उठाकर बाहर ले जा रही

हनुमान मंदिर पर हमें संदीप मिले। संदीप दोनों पैर से दिव्यांग हैं, भीख मांगते हैं। हमने पूछा जो लोग कल थे, वह कहां गए? वह कहते हैं, रात में एक गाड़ी आई थी सबको भर ले गई। ऐसे ही हमेशा आती है, किसी को नैनी तो किसी को कहीं और छोड़ आती है।

## क्या है वायरल पोस्ट की सच्चाई ?

जांच के लिए हमने दावे से मिलते-जुलते की वर्ड्स गूगल पर सर्च किए। जांच के दौरान ऐप पर 13 जनवरी, 2025 को प्रकाशित एक खबर मिली। खबर में बताया गया था। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के महाकुंभ में कैंप के बाहर से पुलिस ने अयूब नाम के संदिग्ध युवक को पकड़ा है। दावा किया जा रहा है कि वह आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मंगलवार तड़के यति नरसिंहानंद गिरी के कमरे के बाहर अखाड़े के संतों ने शक के आधार पर युवक को पकड़ा। पहले उसने यति से मिलने के लिए आने की बात कही। अपना नाम आयुष बताया। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसका असली नाम अयूब निकला। उधर, महाकुंभ से यति का बड़ा बयान सामने आया है।

# गणतंत्रता दिवस आज
## राज्यमंत्री देवासी करेंगे ध्वजारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गणतंत्र दिवस का जिलास्तरीय समारोह रविवार को अरविंद पवेलियन में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सवेरे 9:05 पर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि देवासी परेड निरीक्षण, सामूहिक मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला राज्यपाल का संदेश पठन करेंगे। इसके बाद पारितोषिक वितरण, विद्यार्थियों की ओर से सामुहिक व्यायाम प्रदर्शन, छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य व गीत, झांकियों का प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान होगा। दोपहर स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता एवं एक बजे जिला प्रशासन एवं जनता के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा।

### मुख्य समारोह में इनका होगा सम्मान

मुख्य समारोह में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी समेत अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूची में एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला, माउंट एसडीएम डॉ सालुखे गौरव रविन्द्र, शिवगंज विकास अधिकारी मूलेन्द्रसिंह, रेवदर बाल विकास परियोजना अधिकारी घेवर राठौड, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय की डॉ अनुपमा पाटने, डिस्कॉम के एसई तरूण कुमार खत्री, तेलपुर के पीइओ भूपेन्द्रकुमार पुरोहित, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी चेतनराम, सिरोही नायब तहसीलदार अचलाराम मेघवाल, व्याख्याता नानाराम, संस्कृत विद्यालय वलदरा के व्याख्याता नंदलाल शर्मा, सनपुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ नितेश अरोड़ा, निर्वाचन कार्यालय सिरोही के पुष्पकांत रावल, सहायक कलक्टर के प्रशाासनिक अधिकारी मांगीलाल कुम्हार, वरिष्ठ अभियोजन कृष्णपालसिंह, पालिका आबूरोड के कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक अशोककुमार, शिवगंज उपखंड कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विनोदकुमार, पिण्डवाड़ा विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह, जिला परिषद के कनिष्ठ सहायक किशोरसिंह, समाज कल्याण विभाग के बाबूलाल, डीओआइटी के सहायक प्रोग्राम प्रकाशकुमार, कलक्टर कार्यालय की कनिष्ठ सहायक सीता मेघवाल, आबकारी विभाग के कनिष्ठ सहायक श्रवणसिंह, आबूरोड पंचायत समिति के कनिष्ठ सहायक लालचन्द रोहिन, सिरोही चिकित्सालय के नर्सिंग अधिकारी विक्रमसिंह, बालदा के वरिष्ठ अध्यापक रमेश कुमार, आबूरोड ओर के शिक्षक दिनेश कुमार, शिवगंज के छात्र निखिल मोहरेशा, माउंट वन विभाग के सवाराम, सिरोही तहसील के अनुदेशक हेमन्त सिंघाडिया, सिरोही के होमगार्ड लक्ष्मणराम, पत्रकार अशोक कुमावत, वेलांगरी निवासी काउंसलर हीना कुमारी लखारा, सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज, सिरोही के समाजसेवी प्रकाश प्रजापति, छात्र मोहम्मद अनस, पिण्डवाड़ा के रक्तदाता नकुल ओझा, आबूरोड की भारती, सेंटपॉल शिवगंज छत्रपालसिंह, रानी पाली की भाग्यश्री, विसामो चेरिटेबल ट्रस्ट के अर्जुनसिंह राजपूत, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागसीन के सहायक कर्मचारी प्रकाश कुमार, सारणेश्वर गांव की मालवीका रावल, सिरोही सार्दुलपुरा निवासी छात्रा दीक्षिता बारड़, नगर परिषद के सफाई कर्मचारी गणपतलाल हरिजन, झाड़ोली निवासी एम्बूलेंस चालक शिवलाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा, वाहन चालक सिरोही छगनलाल मारू, पंचायत समिति रेवदर के कनिष्ठ सहायत नागजीराम, पंचायत समिति सिरोही के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चुन्नीलाल माली, शिवगंज पंचायत समिति के कनिष्ठ सहायक लाबुराम चौधरी, आपदा प्रबंधन के सिरोही भाटकड़ा निवासी गोपाल कनोजिया, सहायक कर्मचारी शंकरसिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तर से उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित चयनितों की सूची में छात्रा निविशा कुमारी, माउंट के अभिषेक जांगिड़, नवोदय विद्यालय कालन्द्री की हिमांशीकुमारी एवं इमानुअल मिशन सिरोही के सुरेश कुमार का सम्मान होगा।

# पंचायतराज उपचुनाव: आदर्श आचार संहिता लागू
## तीन पंचायत समिति सदस्य, एक सरपंच व छह वार्ड पंचों का होगा चुनाव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं के विभिन्न कारणों से रिक्त पदों (जिन पदों का 5 वर्षीय कार्यकाल जनवरी, 2025 एवं मार्च, 2025 में हो रहा है, को छोड़कर) पर उप चुनाव माह फरवरी 2025 के लिए चुनाव कार्यं म की घोषणा के साथ ही रिक्त पदों वाले क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि कार्यं म के तहत जालोर जिले में सायला पंचायत समिति में निर्वाचन क्षेत्र संख्या 22, भीनमाल पंचायत समिति में निर्वाचन क्षेत्र संख्या 4 व चितलवाना पंचायत समिति में निर्वाचन क्षेत्र संख्या 4 में पंचायत समिति सदस्य तथा बागोड़ा पंचायत समिति की लाखनी ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर उप चुनाव करवाएं जाएंगे। इसी प्रकार जसवंतपुरा पंचायत समिति की गजापुरा ग्रा.पं. के वार्ड सं. 6, रामसीन ग्रा.पं. के वार्ड संख्या 13 व जोडवाड़ा ग्रा.पं. के वार्ड संख्या 4, भीनमाल पंचायत समिति की मोदरा ग्रा.पं. के वार्ड सं. 7 तथा चितलवाना पंचायत समिति की केरिया ग्रा.पं. के वार्ड सं. 13 व चितलवाना ग्रा.पं. के वार्ड सं. 8 में वार्ड पंच के उप चुनाव करवाये जाएंगे।

### पंचायत समिति सदस्यों को चुनाव कार्यक्रम

चुनाव कार्यं मानुसार जालोर जिले में रिक्त 3 पंचायत समिति सदस्यों के उप चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अंतर्गत 29 जनवरी (बुधवार) को निर्वाचन की अधिसूचना होने से 3 फरवरी 2025 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से अपरान्त 3 बजे तक (रविवार को छोड़कर) नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 5 फरवरी 2025 (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 6 फरवरी (गुरूवार) को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 14 फरवरी (शुं वार) को प्रातः 8 से सायं 5 बजे तक मतदान करवाया जाएगा तथा 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से संबंधित पंचायत समिति मुख्यालय पर मतगणना करवाई जाएगी।

### सरपंच व वार्डपंच उप चुनाव का कार्यक्रम

चुनाव कार्यं मानुसार जालोर जिले में रिक्त एक सरपंच व 6 वार्ड पंचों के उप चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 23 सपठित 56 के अंतर्गत 29 जनवरी (बुधवार) को निर्वाचन की लोकसूचना जारी की जाएगी तथा 5 फरवरी 2025 (बुधवार) को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 6 फरवरी (गुरूवार) को प्रातः 10 से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 14 फरवरी (शुं वार) को प्रातः 8 से सायं 5 बजे तक मतदान करवाया जाएगा तथा मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना करवाई जाएगी।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मां अबे केपी संघवी राजकीय विधि महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासियों के लिए न्याय: आदिवासी क्षेत्र में कानूनी सहायता और जागरूकता एक चुनौती विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश रामदेव सांदु ने आदिवासियों को न्याय प्राप्त करने में किस प्रकार चुनौतियों का सामना करना पडता है और विद्यार्थी पैरा लिगल वॉलेंटर बनकर किस प्रकार उनकी सहायता कर सकते है उसकी जानकारी दी। मुय वक्ता प्रोफेसर डॉ. आंनद पालीवाल ने जनजाति क्षेत्र के लोगों के लिए 22वें भारतीय विधि आयोग में दिए गए सुझाव, उच्चतम न्यायालय के नवीनतम निर्णयों एवं झारखंड राज्य में जनजाति क्षेत्र के लोगों की समस्या के बारे में बताया। अहमदाबाद के निरमा विवि के डॉ नीरज गुप्ता ने संविधान की प्रस्तावना और संविधान में जनजाति क्षेत्र के लोगों के संबंध में दिए गए प्रावधानों और गुजरात के जनजाति क्षेत्र के बारे में अपने अनुभव साझा किए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं ममता चेरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक कुसुम राजगौड ने बताया कि गुजरात एवं राजस्थान के जनजाति क्षेत्र के आदिवासी लोगों के विवाह की परंपरा एवं उनकी संस्कृति के बारे में बताया। महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ संदीप कुमार हुडिवाल ने इस संगोष्ठी की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सहायक आचार्य डॉ अनुपमा उज्जवल ने संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अंत में महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ नरेश कुमार मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी की कोरडीनेटर शीला कुमारी एवं महाविधालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिक एवं समस्त प्रतिभागी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आन-बान-शान से फहराया जाएगा तिरंगा

**आबूरोड।** गणतंत्र के मौके पर मंगलवार को राष्ट्रीय अस्मिता व आन-बान-शान का प्रतिक तिरंगा शान से फहराया जाएगा। पालिका में पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ध्वजारोहण करेंगे।

### 48 रोगियों की स्वास्थ्य जांच

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में पिंडवाड़ा के ढाकेला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ढाणी का आयोजन किया गया। शिविर में 48 मरीजों की जांच की गई।

### आशापुरा माता मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** निकटवर्ती कोठार गांव में मां आशापुरा माता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रथम वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। बालेचा चौहान राजपूत परिवार द्वारा ठा ओबसिंह, अध्यक्ष बाली चौहान महासभा प्रतापसिंह चौहान, भामाशाह जगतसिंह चौहान के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में रतनसिंह, चंद्रसिंह, करणसिंह, दौलतसिंह, महेंद्रसिंह, सुरपालसिंह सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

# वित्त समिति की मैराथन बजट समीक्षा बैठक हुई आयोजित
## वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में हुई बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में शुक्रवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में मैराथन बजट समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व वृद्धि, आय प्राप्ति, अब तक विभिन्न शाखाओं द्वारा किये गये कार्यो एवं आगामी बजट में लिये जाने वाले प्रावधानों पर चर्चा की गई।

बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता, अक्षत खूंटेटा, बाबूलाल शर्मा, वित्तीय सलाहकार, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त उद्यान, अधीक्षण अभियन्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को विद्युत शाखा, गैराज शाखा, उद्यान शाखा, सतर्कता शाखा, राजस्व प्रथम शाखा, आयोजना शाखा, प्रोजेक्ट शाखाओं की बैठक ली गई। जिसमें अभी तक किये गये कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी बजट के लिये भी सुझाव लिये गये।

बैठक में नगरीय विकास कर, विज्ञापन शुल्क वसूलने, पार्को के उचित संधारण, टूटे हुये उपकरणों को ठीक करने, सुलभ शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करने, पेचवर्क, सड़कों के गडड्े ठीक करने, अवैध थड़ी ठेले हटवाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये।

## न्यूज ब्रीफ

### सहकार भवन, राजफैड व अपैक्स बैंक में फहराया जाएगा ध्वज

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 8:30 बजे नेहरू सहकार भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। प्रबंध निदेशक, राजफैड नारायण सिंह प्रात: 8:30 बजे राजफैड परिसर में तिरंगा फहराएंगे। अपैक्स बैंक में प्रात: 8:45 बजे प्रबंध निदेशक संजय पाठक झण्डा फहराएंगे। इस अवसर पर सहकारिता विभाग और राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### गणतन्त्र दिवस पर विधानसभा में झण्डारोहण करेंगे देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रात: 8:15 बजे विधान सभा में झण्डारोहण करेंगे। इस मौके पर विधायकगण, पूर्व विधायकगण और विधान सभा के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे। इससे पहले देवनानी सिविल लाईन स्थित राजकीय निवास पर प्रात: 7:15 बजे झण्डारोहण करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी प्रात: 8:00 बजे अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करेंगे।

### बच्चों को स्वेटर व पाठ्य सामग्री का वितरण



**जयपुर।** समाजोपयोगी कार्यो की कड़ी में सर्दी को देखते हुए सागर फाउंडेशन ने झालाना डूंगरी व जगतपुरा आंगनबाड़ी सेंटर के बच्चों को स्वेटर, पाठ्य सामग्री व बिस्कुट व चाकलेट का वितरण किया। सागर फाउंडेशन की सीईओ गोमासागर व उपाध्यक्ष गिरधारी लाल ने बताया कि दयानंद नगर विकास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल टाटीवाल, विशिष्ट अतिथि सेन कालोनी विकास समिति, मालवीय नगर के अध्यक्ष भंवर लाल सैन व झालाना डूंगरी रमेश बैरवा ने की। इस मौके पर फाउंडेशन ने 104 छात्र छात्राओं को स्वेटर, पाठ्य सामग्री वितरित की। इस मौके पर सेंटर 733 की कार्यकर्ता माया सैन, सहायिका सरोज, आशा सहयोगिनी पिंकी देवी, सेन्टर 734 की कार्यकर्ता पुष्पा देवी, सेन्टर 735 कार्यकर्ता रोशन देवी, सहायिका जमना देवी व आशा सहयोगिनी रतन सैन, अजय सिंह, मातृ शक्ति व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सेंटर की कार्यकर्ताओं ने सभी मेहमानों का तिलक व पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया।

# गणतंत्र दिवस पर देवनानी की शुभकामनाएं
## राजस्थान विधान सभा की संविधान दीर्घा को आमजन देखे: देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 76वें गणतन्त्र दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि गणतन्त्र दिवस पर हम सभी को राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा। देवनानी ने कहा है कि भारत की आत्मा भारतीय संविधान है। भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और जागरूकता बढाने के लिए राजस्थान विधान सभा में संविधान दीर्घा का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस दीर्घा का उद्देश्य आमजन और युवाओं को भारत और भारत की सांस्कृतिक नैतिकता से परिचित कराना है। देवनानी ने आमजन से राजस्थान विधान सभा में बनाई गई संविधान दीर्घा का अवलोकन करने का अनुरोध किया है।

देवनानी ने कहा है कि संविधान में नन्दलाल बोस द्वारा चित्रित भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और विरासत का संविधान दीर्घा में प्रदर्शन किया गया है। मूल संविधान के 22 भागों के आरम्भ में प्रदर्शित कलाकृतियों यथा रामायण में भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास से घर वापसी का दृश्य, श्री कृष्ण के उपदेश, गौतम बुद्ध व भगवान महावीर का जीवन, सम्राट अशोक व विक्रमादित्य के सभागार के दृश्य, छत्रपति शिवाजी, गुरू गोविन्द सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, स्वतन्त्रता संग्राम में महात्मा गांधी के दाण्डी मार्च और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का चित्रण किया गया है। देवनानी ने कहा है कि गणतन्त्र दिवस को सभी उत्सव के साथ मनाये और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने में भागीदार बने।

# अवैध अस्थायी अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार शनिवार को मानसरोवर जोन में उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में मध्यम मार्ग स्थित विजय पथ से पटेल मार्ग के दोनों तरफ राजस्व शाखा, स्वास्थ्य शाखा, सतर्कता शाखा की टीम द्वारा अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध थड़ी ठेले व अवैध बैनर, पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई साथ मुख्य मार्गो में अवैध रूप से बनायी गयी सीढियों को भी तोड़ा गया। उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा ने बताया कि अवैध अस्थायी अतिक्रमण के दूसरे दिन भी मध्यम मार्ग स्थित विजय पथ से पटेल मार्ग के दोनों तरफ अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध थड़ी ठेले व



अवैध बैनर, पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही दुकानदारों को रोड पर सामान नहीं रखने की एवं अतिक्रमण नहीं करने हेतु समझाईश की गई।

# विषय विशेषज्ञ और हितधारक करेंगे बजट पूर्व संवाद
### 27 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट में दिनांक 27 जनवरी से 29 जनवरी तक संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ एवं हितधारक बजट पूर्व संवाद करेंगे एवं बजट को लेकर अपने सुझाव भी देंगे। जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु संवाद और परिचर्चा की कार्य योजना हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनीता सिंह के निर्देशन में उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा को नोडल प्रभारी नामित किया गया है। इसके साथ दल में कोषाधिकारी जयपुर जय कौशिक, वरिष्ठ लेखाधिकारी आशीष नागर, मुख्य आयोजना अधिकारी रामेश्वर मीना तथा सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामनिवास को शामिल किया गया है।

उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि आगामी बजट को लेकर कार्यशाला में प्रतिदिन दो सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। सोमवार को प्रात: 11 बजे उद्घाटन सत्र में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के हितधारक, कर सलाहकार एवं व्यवसायी वहीं, दिन के दूसरे सत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार दिनांक 28 जनवरी, 2025 को जनजातीय क्षेत्र विकास, किसान एवं पशुपालन क्षेत्र के हितधारक तो वहीं, बुधवार दिनांक 29 जनवरी 2025 महिला प्रतिनिधि, मेघावी छात्र, युवा खिलाड़ी, गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद में अपनी राय रखेंगे।

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में किरण ने लूटी वाहवाही



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज में हिन्दी अकादमी के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन (लालकिला कवि सम्मेलन) में फालना की कवयित्री कविता किरण ने छठवीं बार काव्य पाठ कर अपनी प्रतिभा के चलते वाहवाही लूटी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के 19 कवियों की टीम ने भाग लिया। कार्यं म की अध्यक्षता पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि की परम्परा को उप राज्यपाल विनयकुमार सक्सेना ने निभाया।

# रोशनी से गुलजार जुआ गांधीनगर ओवर ब्रिज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर ओवर ब्रिज पर यातायात का संचालन होते हुए एक वर्ष व्यतीत हो गया। लेकिन, ब्रिज पर सार्वजनिक रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं रही। जिससे ब्रिज गत एक साल से अंधेरे में डूबा रहा। ब्रिज पर अंधेरा होने की वजह से यहां पर कई बार लूटमार जैसी घटना भी हो चुकी है। ब्रिज पर घना अंधेरा होने से आमजन, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को पैदल आवागमन में भारी परेशानी रही। समस्या के निस्तारण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण ने लगातार पुल निर्माण एजेंसी से संपर्क जारी रखा। ब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था करने का प्रयास किया। यह भी अवगत कराया कि अगर पुल निर्माण एजेंसी के पास पर्याप्त बजट नहीं हो तो वह यह कार्य नगर पालिका से भी करवाने को तैयार है। लेकिन, ब्रिज निर्माण एजेंसी द्वारा पालिकाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया कर ब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। आखिरकार, पालिकाध्यक्ष चारण द्वारा लगातार किए गए सार्थक व सकारात्मक प्रयास रंग लाए। पुल निर्माण एजेंसी द्वारा नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया कर ओवर ब्रिज पर 72 पोल के जरिए रोशनी की व्यवस्था की गई। विद्युत पोल लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को पालिकाध्यक्ष ने पार्षदों, गांधीनगर व शहर के गणमान्य नागरिकों आदि की उपस्थिति में स्विच ऑन कर गांधीनगर ओवर ब्रिज पर रोशनी चालू की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पिछले लंबे समय से गांधीनगर ब्रिज पर अंधेरा होने से रोशनी की तत्काल आवश्यकता थी, जो आज पूरी हुई हैं। एक गंभीर समस्या का समाधान भी हो गया है। ब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था होने से आवागमन करने वालों सभी लोगों को राहत मिलेगी। गांधीनगर क्षेत्र के पार्षदों व निवासियों ने ब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था के लिए पालिकाध्यक्षचारण का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



अधिशासी अधिकारी दीपिका वीरवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष,पूर्व नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र साम्बरिया, पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा, नेता प्रतिपक्ष कान्तिलाल परिहार, पालिका सदस्य अमरसिंह, रमेश वैष्णव, नरगीस कायमखानी, अर्जुनसिंह, दिलीप सोनी, अभिषेक मेरू, दीपक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, मोहन बंजारा, सुमित जोशी, चन्द्ररेखा, शमशाद अली, किरण कुमार, भवनीश बारोट निलेश राणा, राजा बंजारा, महेन्द्र गोहिल आदि उपस्थित थे। पोल पर लगाई तिरंगा लाइट पालिकाध्यक्ष ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर नगरपालिका द्वारा सभी 72 विद्युत पोल पर तिरंगा लाइटों से आकर्षक सजावट की गई है। जिससे गांधीनगर ओवर ब्रिज की सुंदरता एवं रोशनी में चार चांद लग गए हैं।

### तिरंगा रैली निकाल कर दिया रक्तदान का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मुस्लिम यूथ कमेटी व मुस्लिम वक्फ कमेटी द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से रक्तदान का संदेश दिया। गणतंत्र दिवस पर इस्लामिया स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर के तहत रैली का आयोजन किया गया। लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छोटी मस्जिद से रवाना हुई रैली शहर के मुख्य मार्गो से निकली। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरोज गर्ग, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, मुल्तानिया इत्तेहाद कमेटी, टेक्सी यूनियन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरगिस कायमखानी, पार्षद शमसाद अली अब्बासी, सतीश अग्रवाल, अर्जुन सिंह, प्रमोद जैन, सदर सलीम खान आदि मौजूद थे।

### पार्क के बोरिंग की केबल चोरी

**आबूरोड।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोर बोरिंग की केबल काटकर ले गए।हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शुक्रवार रात को वीर बाबा मंदिर के पास स्थित बगीचे में लगे बोरिंग को निशाना बनाया। बोरिंग की केवल काट कर ले गए। बोरिंग के ऊपर लगा लोहे का ढक्कन खोलने में असमर्थ रहे। जिससे चोर मोटर चोरी करने के मंसूबे में सफल नहीं हुए। मोटर चोरी होने से बच गई। लेकिन, उसके साथ लगी केबल को चोरी कर ले जाने मे अज्ञात चोर सफल हो गए।




सिरोही, रविवार 26 जनवरी, 2025

# मेरी जान तिरंगा है
# मेरी शान तिरंगा है

**गणतंत्र दिवस को लेकर हर कोई उत्साहित नजर आ रहा है। शहर में तिरंगे नजर आने लगे है। जिस चौराहे पर नजर डालो केसरिया, सफेद और हरा रंग ही नजर आ रहा है। बच्चों और युवाओं में इस पर्व को लेकर उत्साह और जोश तो देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों के अलावा जगह-जगह छोटे बड़े झंडे की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दी है। साथ देशभक्ति का जज्बा दिखाने के लिए तिरंगे वाली टी-शर्ट,कैप, स्टीकर, बैच, बैंड, पटटी के अलावा फेसटैटू का भी इस काफी क्रेज है। छोटे बच्चों में तिरंगे कपड़े का जो क्रेज रहता है वह अभी नजर नहीं आ रहा है। हालांकि सभी तरह के तिरंगे आ चुके है। लोग गाड़ियों पर लगाने के लिए छोटे झंडे अवश्य ले रहे है। शहर के विभिन्न बाजार सड़कों के किनारे छोटी तिरंगा, पताका से लेकर बड़े झंडे दुकानों पर उपलब्ध है।**

## हर साल 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है गणतंत्र दिवस

देश इस साल अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। यह दिन भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक रूप से अपनी सरकार चुनने की शक्ति को दर्शाता है। भारत के इतिहास में यह दिन कई तरह से महत्वपूर्ण है।

यही वजह है कि इस दिन को पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय त्योहार की अपनी अलग खासियत है, जिसके चलते लोग इसे धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है। अगर आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा है, तो आज हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में।

## गणतंत्र दिवस का इतिहास

दरअसल, हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन पूरे देश में संविधान लागू किया गया है। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत को पूर्ण गणराज्य घोषित किया गया था। यही वजह है कि हर साल इस खास दिन की याद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। साल 1947 में भारत को मिली आजादी के बाद इसे लोकतांत्रिक बनाने के मकसद से देश का संविधान बनाना शुरू किया गया। 2 साल 11 महीने और 18 दिन में बनकर तैयार हुए भारत के संविधान को 26 नवंबर, 1949 में देश की संविधान सभा ने स्वीकार किया। इसके बाद अगले ही साल 26 जनवरी, 1950 को पूरे देश में यह संविधान लागू किया गया था।

## 26 जनवरी का महत्व

26 नवंबर को स्वीकार किए गए भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही क्यों चुना गया, यह सवाल लगभग हर भारतीय के मन में आता होगा। संविधान लागू करने के लिए इस तारीख को चुनने का भी एक खास मकसद था। दरअसल, 26 जनवरी 1930 को अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित किया था। ऐसे में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की इस तिथि के महत्व को ध्यान में रखते हुए संविधान लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन चुना गया था। 1950 में इसी दिन संविधान लागू करने के साथ ही देश को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया और तब से लेकर अब तक हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।

## दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान

आजादी के साथ ही देश के लिए एक संविधान की जरूरत भी महसूस हुई। ऐसे में इसे बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन हुआ था। इस सभा ने 9 दिसंबर, 1946 से संविधान बनाने का काम शुरू किया। भारत की इस संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद थे। जबकि संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर थे। डॉ.अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में एक अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से उन्हें संविधान निर्माता भी कहा जाता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बनाने में पूरे 2 साल, 11 माह, 18 दिन लगे थे। इसके बाद 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को देश का संविधान सौंपा था। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।



**गणतंत्र दिवस के परेड में निकलने वाली झांकियों का चयन रक्षा मंत्रालय की एक कमिटी द्वारा किया जाता है। हर साल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से झांकियों के लिए सुझाव मांगे जाते हैं। उसके बाद जब सभी राज्य अपने सुझाव उन्हें भेजते हैं तो कमिटी उन पर चर्चा करती है. उसके बाद ही किसी भी राज्य की झांकियों का चयन होता है।**

## ध्वजारोहण और झंडा फहराना

*15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय ध्वज को ऊपर खींचा जाता है और फिर फहराया जाता है। दरअसल जिस दिन भारत को आजादी मिली थी, उस दिन ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपना झंडा उतारकर भारत के तिरंगे को ऊपर चढ़ाया था, इसलिए हर साल 15 अगस्त को तिरंगा ऊपर खींचा जाता है इसके बाद फहराया जाता है। इस प्रक्रिया को ध्वजारोहण कहते हैं वहीं, 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस वाले दिन राष्ट्रीय ध्वज ऊपर बंधा रहता है उसे केवल फहराया जाता है। यही वजह है कि उसे ध्वजारोहण नहीं बल्कि झंडा फहराना कहते हैं।*

## सबसे पहले कहां हुई थी रिपब्लिक डे की परेड

*गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था 26 जनवरी के दिन देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्यपथ पर परेड का आयोजन किया जाता है। इस परेड में देश की तीनों सेना जैसे थलसेना, जलसेना और वायुसेना भी शामिल होती हैं। देश के राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और इसी के साथ 21 तोपों की सलामी भी दी जाती है। आपको बता दें कि इस साल भारत 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस से जुड़ी वो बातें, जिनके बारे में तमाम लोग नहीं जानते हैं। 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड की शुरूआत 1950 में आजाद भारत का संविधान लागू होने के साथ हुई थी वर्ष 1950 से 1954 तक गणतंत्र दिवस की परेड राजपथ पर न होकर, चार अलग-अलग जगहों पर हुई थीं 1955 से गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन राजपथ पर शुरू किया गया। तब राजपथ को 'किंग्सवे' के नाम से जाना जाता था तभी से हर साल 26 जनवरी का आयोजन यहीं पर होने लगा।*

**मुख्य अतिथि:** भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो थे।

**1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर:** 1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर होने लग गया और यहां सेना परेड करने लग गई।

**21 तोपों की सलामी:** गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर तिरंगा फहराया जाता है। फिर राष्ट्र गान गाया जाता है और 21 तोपों की सलामी होती है।

**बहादुरी पुरस्कार:** 1957 में सरकार ने बच्चों के लिए राष्ट्रीय बहादुरी पुरस्कार शुरू किया, जो कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र में बहादुरी के लिए गणतंत्र दिवस पर दिया जाता है।

**सबसे बड़ा लिखित संविधान:** 395 अनुच्छेदों और 8 अनुसूचियों के साथ भारतीय संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

## कैसे चुना जाता है मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि किसे बनाना चाहिए, इसको लेकर विदेश मंत्रालय कई बातों पर काफी सोच विचार करता है इसमें सबसे पहले भारत और उस देश के संबन्धों को ध्यान में रखा जाता है और ये देखा जाता है कि उस देश के साथ हमारे देश की राजनीति, सेना और अर्थव्यवस्था का क्या और कितना कनेक्शन है। इस बात पर भी विचार किया जाता है कि कहीं आमंत्रित अतिथि को बुलाने से किसी अन्य देश से संबन्ध वगैरह तो खराब नहीं होंगे इन सभी पहलुओं पर सोच विचार करने के बाद विदेश मंत्रालय मुख्य अतिथि के नाम पर अपनी मोहर लगाता है। इसके बाद इस मामले में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मंजूरी ली जाती है। मंजूरी मिलने के बाद देश के राजदूत मुख्य अतिथि की उपलब्धता के बारे में पता लगाने की कोशिश करते हैं क्योंकि किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष का व्यस्त शेड्यूल होना आम बात है। यही वजह है कि विदेश मंत्रालय की ओर से संभावित मुख्य अतिथि के लिए एक लिस्ट तैयार की जाती है, जिसमें कई ऑप्शंस रहते हैं। मुख्य अतिथि की उपलब्धता का पता लगाने के बाद भारत और आमंत्रित मुख्य अतिथि के देश के बीच आधिकारिक रूप से बातचीत होती है और सब कुछ तय होने के बाद मुख्य अतिथि के नाम पर मोहर लगती है। गणतंत्र दिवस पर किसे मुख्य अतिथि के आमंत्रण और उनके स्वागत-सत्कार की प्रक्रिया करीब छह महीने पहले से शुरू हो जाती है। इस बीच उन्हें निमंत्रण भेजना और निमंत्रण स्वीकार किए जाने के बाद मुख्य अतिथि के आने पर ठहरने और पूरी तरह से विशेष तरह मेहमान नवाजी देने की व्यवस्था, विशेष भोज वगैरह कई कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जाती है।

## कैसे होता है मुख्य अतिथि का सत्कार

भारत में गणतंत्र दिवस के मौके पर आए मुख्य अतिथि का विशेष स्वागत-सत्कार किया जाता है। मुख्य अतिथि कई औपचारिक गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं। उन्हें भारत के राष्ट्रपति के सामने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाता है। दोपहर में मुख्य अतिथि के लिए प्रधानमंत्री द्वारा भोजन का आयोजन किया जाता है। शाम को राष्ट्रपति उनके लिए विशेष स्वागत समारोह आयोजित करते हैं।

## संविधान कितने दिन में हुआ तैयार

**पूरा संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर, 1949 को पूरा हुआ था। वहीं इसे पूरे भारत में 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हाथ से लिखे हुए संविधान पर 24 जनवरी 1950 में 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसमें करीब 15 महिलाएं भी शामिल थीं। 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया। यह ऐतिहासिक क्षणों में गिना जाने वाला समय था। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इस दिन देशभर में राष्ट्रीय अवकाश रहता है।**

महिला ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

# मैडिसन कीज चैंपियन



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताबी मुकाबले में 19वीं वरियता प्राप्त मैडिसन कीज ने विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को हरकार खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक मुकाबले में कीज ने सबालेंका को 6-3, 2-6, 7-5 से मात दी। मैडिसन ने इस जीत के साथ सबालेंका के लगातार तीसरे खिताब की ओर बढ़ते अभियान को समाप्त कर दिया। सबालेंका अगर यह खिताब जीतती तो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की हैट्रिक पूरी करने वाली छठी महिला बन जातीं। उनके पास 1997-1999 के बाद से मेलबर्न पार्क में तीन बार खिताब जीतने वाली मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी बनने का मौका था। हालांकि, सेमीफाइनल में विश्व की नंबर दो इगा स्वियातेक को हराने वाली कीज ने सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।

**आर्यना सबालेंका बनाम मैडिसन कीज**

| टूर्नामेंट | वर्ष | चरण | विजेता | स्कोर |
|---|---|---|---|---|
| सिनसिनाटी मास्टर्स | 2018 | क्वार्टरफाइनल | आर्यना सबालेंका | 6-3, 6-4 |
| बर्लिन ओपन | 2021 | राउंड ऑफ 16 | मैडिसन कीज | 6-4, 1-6, 7-5 |
| विंबलडन | 2023 | क्वार्टरफाइनल | आर्यना सबालेंका | 6-2, 6-4 |
| यूएस ओपन | 2023 | सेमीफाइनल | आर्यना सबालेंका | 0-6, 7-6 (1), 7-6 (5) |
| बीजिंग ओपन | 2024 | राउंड ऑफ 16 | आर्यना सबालेंका | 6-4, 6-3 |
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 2025 | फाइनल | मैडिसन कीज | 6-3, 2-6, 7-5 |

## फाइनल में यानिक सिनर के सामने ज्वेरेव की चुनौती





वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रविवार को यहां जब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे तो उनके सामने खिताब के बचाव करने की चुनौती होगी। पुरुष एकल में ऐसा बहुत कम बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने करियर के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का सफलता से बचाव किया है। पिछली बार राफेल नडाल ने 2005 और 2006 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर ऐसा कारनामा किया था। सिनर के सामने कई तरह की चुनौतियां है जिसमें डोपिंग का मामला भी शामिल है। यह मामला अब भी विचाराधीन है। पिछले साल मार्च में उनके नमूने में दो बार एनाबॉलिक स्टेरॉयड की थोड़ी मात्रा की पुष्टि हुई थी। यह बात को हालांकि अमेरिकी ओपन शुरू होते समय सार्वजनिक की गई थी। उन्होंने तब अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की अपील पर हालांकि इस मामले की अप्रैल में सुनवाई होनी है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के दौरान पिछले दो सप्ताहों के दौरान, सिनर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझना पड़ा है। चौथे दौर में वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज होल्गर रूण के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें चक्कर आ गया था। सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेन शेलटन के खिलाफ उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। सिनर के सामने जिम कुरियर (1992 और 1993) के बाद सबसे कम उम्र में लगातार दो बार इस खिताब को जीतने की चुनौती होगी। वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज 27 साल के ज्वेरेव इससे पहले दो बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे है और उन्हें दोनों बार निराशा हाथ लगी है। वह सिनर को हराकर अपना पहला खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

रणजी ट्रॉफी

# 13 साल बाद रणजी खेलेंगे विराट



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कई स्टार खिलाड़ी इस समय रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और रवींद्र जडेजा ने 23 जनवरी से शुरू हुए मैच में हिस्सा लिया, केएल राहुल और विराट कोहली फिट न होने की वजह से नहीं खेले। अब खबर है कि विराट 30 जनवरी से शुरू होने वाले मुकाबले में खेलेंगे। डीडीसीए ने स्पेशल तैयारी की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ मैच में खेलेंगे। मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। विराट अपनी घरेलू टीम दिल्ली के लिए खेलेंगे। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच को लेकर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने खास तैयारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डीडीसीए ने इस मैच में करीब 10 हजार दर्शकों को फ्री एंट्री देने का प्लान तैयार किया है। दर्शकों के लिए नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस खोला जाएगा। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सभी दर्शक फ्री में इस मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। बीसीसीआई के नए दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि भारत के सीनियर खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेलते दिखे। विराट आखिरी बार 2012 में रणजी मैच खेले थे। विराट ने डीडीसीए को बताया था कि 23 जनवरी से खेले जाने वाले मैच में वह नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी गर्दन में दर्द है, लेकिन उन्होंने बताया था कि वह 30 जनवरी से शुरू होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हैं।

## शुभमन लौटे फॉर्म में, ठोका शतक


▶▶ टीम को मिली पारी की हार



**बेंगलुरु।** पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए। पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पांजब की टीम के लिए वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाए थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गयी। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किए। गिल हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इस 25 वर्षीय दाएं हाथ का खिलाड़ी ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 18.60 की औसत से 31 के उच्चतम स्कोर के साथ सिर्फ 93 रन बनाए थे। शुभमन भले ही इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन वह वनडे टीम के लिए वापसी करेंगे। यही टीम आगे चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी।

टाटा स्टील शतरंज

## गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानंद शीर्ष पर मौजूद





**नीदरलैंड।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानंद ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किए। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानंद संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं। पी हरिकृष्णा, सर्बिया के एलेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग (सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई। शुरुआती चालों के बाद अब्दुसत्तोरोव ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू की। आखिरी कुछ चालों गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## अर्शदीप ने रचा इतिहास

▶▶ बाबर को हराकर जीता सबसे बड़ा अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के नाम का ऐलान कर दिया है। इस अवॉर्ड के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टक्कर थी। इसमें भारत के अर्शदीप सिंह, पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिंकदर रजा शामिल थे। अर्शदीप सिंह ने इन सभी स्टार खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए ये बड़ा अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अर्शदीप सिंह ने पिछले साथ टी20 फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन किया था और भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस यागदार प्रदर्शन का इनाम अब उन्हें आईसीसी अवॉर्ड के साथ मिल गया है।

**आईसीसी मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

पिछले कुछ सालों में युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के सबसे अहम गेंदबाज बने हुए हैं। साल 2024 में भी उनकी ओर से काफी अच्छा खेल देखने को मिला। उन्होंने पिछले साल टीम इंडिया के लिए 18 टी20 मैच खेले और कुल 36 विकेट अपने नाम किए।

## रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम के कप्तान




**दुबई।** पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया। भारतीयों के दबदबे वाली इस टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है। रोहित के कुशल नेतृत्व ने दबाव भरी स्थितियों में युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के सबसे महान टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक के तौर पर अपनी विरासत को मजबूत किया। पंड्या ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में अपना कद मजबूत किया और भारत के सफल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**2024 की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह (सभी भारतीय), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), बाबर आजम (पाकिस्तान), निकोलस पूरन (विकेटकीपर, वेस्टइंडीज), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), राशिद खान (अफगानिस्तान) और वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

# मनोरंजन

## 'पंचायत 4' में नहीं अमिताभ बच्चन



क्या 'पंचयात सीजन 4' में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे? सोशल मीडिया पर फुलेरा गांव से सामने आई तस्वीरों के बाद यह सवाल हर कोई पूछ रहा है। बुधवार को 'पंचायत' के क्रिएटर्स टीवीएफ ने कई तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें बिग बी फुलेरा गांव में सहायक विकास, प्रल्हाद चाचा और विधायक के साथ नजर आए। कयास और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया कि अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में एंट्री कर रहे हैं। हालांकि, अब इस खलखली पर विराम लगाने का मौका आ गया है, क्योंकि यह मामला 'पंयाचत' अंदाज में एक जागरूकता अभयिान से जुड़ा है। अमिताभ बच्चन ने खुद ट्विटर पर चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जो 'प्राइम वीडियो' की सुपरहिट सीरीज में फुलेरा के सहायक विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में, विकास को एक फोन कॉल आता है, जहां उन्हें एक जॉब ऑफर मिलता है। असल में यह एक धोखाधड़ी वाला फोन कॉल था। अमिताभ आगे वीडियो में विकास को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचाते हैं। इन दिनों हम सभी हर दिन कई तरह के स्कैम वाले फोन कॉल का सामना कर रहे हैं। यह विज्ञापन लोगों में ऐसे ही अपराधों से सचेत करने के लिए बनाया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए इस विज्ञापन में अमिताभ कहते हैं कि फर्जी नौकरी का लालच देकर, फर्जी पैसों का लालच देकर लोगों ये अपराधी विदेश ले जाते हैं और बंधुआ मजदूर बना देते हैं। इसलिए ऐसे साइबर अपराध से बचने के लिए नौकरी के दस्तावेजों को अच्छे से जांच-परख लें और विदेश मंत्रायल के अधकृित एजेंट के माध्यम से ही आप विदेश जाएं। वीडियो के आखरी में बिग बी ने आगे कहा है, 'आपकी लापरवाही और लालच को बनाकर हथयिार, साइबर अपराधी करते हैं आप पर वार। शकिार होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या फिर वेबसाइट www.cybercrime.com पर शकियात दर्ज करें।'

ऐसा ही एक और विज्ञापन विधायक जी यानी मनोज झा के किरदार के साथ शूट हुआ है। इसमें विधायक जी को एक फोन कॉल आता है, जो पैसा बढ़ाओं इन्वेस्टमेंट बैंक से आता है। वह उन्हें उनके बैंक में रखे पैसों को 10 गुना बढ़ाने का लालच देता है। यहां भी अमिताभ की एंट्री होती है और वह विधायक जी को इस साइबर स्कैम से बचा लेते हैं। अब साफ है कि टीवीएफ ने जो फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, वह इसी विज्ञापन के शूट की बीटीएस तस्वीरें हैं। फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में! छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात!' खैर, जहां तक बात 'पंचायत' के अगले चौथे सीजन की है, तो इसका निर्माण अक्टूबर 2024 में शुरू हो गया है।

## स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस : कोविड के बाद अक्षय की पांचवीं बेस्ट ओपनिंग




अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' शुक्रवार यानी 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अच्छी शुरुआत की है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में उनके साथ वीर पहाड़िया भी नजर आए हैं। वीर पहाड़िया ने इस फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की है। बता दें, काफी सालों बाद अक्षय कुमार की कोई फिल्म गणतंत्र दिवस वाले हफ्ते में रिलीज हो रही है। इससे पहले साल 2016 में अक्षय कुमार की फिल्म 'एयरलिफ्ट' 26 जनवरी वाले हफ्ते में रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार की फिल्म ने पहले दिन लगभग 11.25 करोड़ की कमाई की है। हालांकि, ये कमाई अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' की कमाई (गणतंत्र दिवस पर रिलीज हुई अक्षय की फिल्म) से कम है। अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' ने पहले दिन करीब 12.35 करोड़ की कमाई की थी। रिपोर्ट्स की मानें तो 'स्काई फोर्स' कोविड के बाद अक्षय कुमार के लिए पांचवीं सबसे अच्छी ओपनिंग वाली फिल्म साबित हुई है। कोविड के बाद रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' ने पहले दिन 26.29 करोड़ कमाए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले दिन 16.07 करोड़ कमाए थे। 'रामसेतु' ने पहले दिन 15.25 करोड़ कमाए थे। 'बच्चन पांडे' ने पहले दिन 13.25 करोड़ कमाए थे। अब पांचवा नंबर स्काई फोर्स ने ले लिया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में सारा अली खान और निमृत कौर भी नजर आई हैं।

## वरुण की 'बेबी जॉन' इस प्लेटफॉर्म पर होने जा रही स्ट्रीम



बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन, वामिका गब्बू और कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' क्रिसमस, 2024 के मौके पर रिलीज हुई थी। एटली की डायरेक्टेड 'थेरी' का ये हिंदी रीमेक थी। इसने भारत में 39.5 करोड़ नेट कलेक्शन किया था। वहीं, दुनियाभर में इसने कुल 61 करोड़ रुपए कमाए थे। जिस तरह से इसका बज क्रिएट किया गया था, उसके आगे ये एकदम फुस्स निकली और फ्लॉप हो गई। अब इसके ओटीटी पर आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि 160 करोड़ के बजट में बनीं 'बेबी जॉन' फरवरी, में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये वहां पर रेंट पर उपलब्ध होगी। यानी इसे देखने के लिए आपको थोड़ा और खर्चा करना होगा। हालांकि दो हफ्तों के बाद ये 28 फरवरी तक इसे आप नॉर्मल सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकेंगे। एक्शन थ्रिलर 'बेबी जॉन' में , एक जाबाड पुलिस ऑफिसर अपनी बेटी को खतरनाक अंडरवर्ल्ड से बचाने के लिए डबल लाइफ जीता है। यह कहानी एक डीसीपी पर आधारित है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए खुद की पहचान बदल लेता है और एक नए सफर पर अकेले निकल पड़ता है। इस फिल्म को क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 'बेबी जॉन' में वरुण धवन थे और 'थेरी' में थलापति विजय।

## शाहिद कपूर के पास नहीं थे कपड़े खरीदने तक के पैसे



**किराए के घर में बीता बचपन, आज करोड़ों के मालिक**

शाहिद कपूर अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में अपने संघर्षों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके आसपास के लोग उन्हें पीड़ित महसूस कराते थे। अनुभवी एक्टर पंकज कपूर और नीलिमा अज़ीम के बेटे होने के बावजूद, शाहिद ने खुलासा किया कि उन्हें इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। एक बातचीत में, शाहिद ने अपनी जर्नी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कैसे वह किराए के घरों में रहते थे और मौकों की तलाश में अनगिनत ऑडिशन दिए। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता एक कैरेक्टर एक्टर हैं और मेरी मां 15 साल की उम्र से कथक डांसर रही हैं। मैं किराए के मकान में रहता हूं। मैंने कई ऑडिशन दिए हैं, इसलिए मुझमें हक जमाने की भावना नहीं है।' बॉलीवुड में संघर्ष के अलग-अलग कारणों पर चर्चा करते हुए शाहिद ने कहा, 'कुछ लोग बीएमडब्ल्यू में संघर्ष करते हैं, वे देश के टॉप दो-तीन डायरेक्टर्स के साथ काम करके अपना करियर शुरू करते हैं। मैं आया था 250 ऑडिशन देने के बाद।' शाहिद को अक्सर उनके बेदाग फैशन सेंस के लिए सराहा जाता है। उन्होंने उस समय के बारे में भी बात की जब उनके पास कपड़े खरीदने के पैसे नहीं थे। उन्होंने कहा, 'आज लोग कहते हैं कि शाहिद का फैशन सेंस बहुत अच्छा है और कभी-कभी, मैं इस तरह की चीजों पर हंसता हूं क्योंकि मुझे याद है कि एक समय मेरे पास लोखंडवाला बाजार में कपड़े खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे।' शाहिद ने अपनी इमोशनल लड़ाई के बारे में भी खुलकर बात की और कहा कि वह लंबे बुरे दौर से गुजरे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी परिस्थितियों से पीड़ित महसूस करने के एक बहुत लंबे दौर से गुजरा हूं।' वर्कफ्रंट पर बता दें कि शाहिद की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस एक्शन थ्रिलर में शाहिद देव अम्ब्रे नाम के एक पुलिसवाले का रोल कर रहे हैं।

## विक्की कौशल की 'छावा' पर बवाल





विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है और इससे पहले ही विवादों में फंस गई है। हाल ही इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें छत्रपति संभाजी बने विक्की कौशल नाचते नजर आए। इसी पर बवाल मच गया है। ट्रेलर में एक सीक्वेंस दिखाया गया है, जहां विक्की और रश्मिका म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट बजाते दिख रहे हैं और साथ में नाच भी रहे हैं। लेजिम महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक पारंपरिक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट है। इसी के पिक्चराइजेशन को लेकर मराठा समूह नाराज हैं और मांग कर रहे हैं कि किसी तरह की गलती न हो। 'छावा' के इस सीन पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जताई और कहा कि लेजिम बजाते दिखाना ठीक है, पर छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया जाना गलत है। फिल्म बनाने के नाम पर कितनी सिनेमाई स्वतंत्रता ली जानी चाहिए, इसकी सीमाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संभाजी राजे ने बताया कि उन्होंने 'छावा' के डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर से बात की थी। उन्होंने उनसे कहा था कि फिल्म को किसी ऐसे को दिखाएं, जो इतिहास का जानकार हो। चूंकि लक्ष्मण मराठा हैं और इसलिए चाहते हैं कि फिल्म में कोई गलती न हो। इस विवाद ने तब तूल पकड़ा, जब कुछ मराठा संगठन 'छावा' के ट्रेलर में दिखाए गए छत्रपति शिवाजी महाराज के डांस पर आपत्ति जताते हुए पुणे के ऐतिहासिक लाल महल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उनका तर्क था कि इस तरह के चित्रण से छत्रपति संभाजी महाराज की गरिमा कम होती है, खासकर जब यह सीन उनके राज्याभिषेक के बाद का है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मेकर्स को यह फिल्म इतिहासकारों को दिखानी चाहिए और उनसे सलाह-मशवरा करके फिल्म में सुधार करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो 'छावा' को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस से पहले बांग्लादेश सीमा पर मिले चार बड़े बंकर

# 62 हजार प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बोतलें बरामद

## तस्करों ने जंगल के बीच किया था इन बंकरों का निर्माण

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़े ऑपरेशन में बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कृष्णगंज थाना इलाके में तस्करी में प्रयुक्त होने वाले लोहे के तीन भूमिगत स्टोरेज टंकी (बंकरों) और एक ईंट के निर्माणाधीन बंकर का पता लगाया है।





### 1.40 करोड़ की कफ सिरप बरामद

अधिकारियों ने बताया कि एक खुफिया सूचना पर शुक्रवार को कृष्णगंज के मझदिया कस्बे के सीमावर्ती नागहटा गांव में की गई इस छापेमारी में लोहे के तीनों बंकरों से 1.40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 62,200 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बड़ी खेप भी बरामद की गई।

### » तस्करों का पूरा नेटवर्क हिल गया: बीएसएफ

बीएसएफ ने शनिवार को एक बयान में बताया गया कि तस्कर इन भूमिगत टंकियों का इस्तेमाल तस्करी के लिए करते थे। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआईजी व प्रवक्ता ा नीलोत्पल कुमार पांडे ने तस्करी के विरुद्ध अभियान में इसे बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि गुप्त टंकियों के भंडाफोड़ और फेंसेडिल की इतनी बड़ी खेप बरामद होने से तस्करों का नेटवर्क पूरी तरह से हिल गया है।

### » जंगलों में बनाई गई थीं टंकियां

बीएसएफ प्रवक्ता ा ने कहा कि बीएसएफ को पुख्ता सूचना मिली थी कि मझदिया इलाके में तस्करी के उद्देश्य से एक बगीचे में जमीन के नीचे लोहे की गुप्त टंकियां बनाई गई है। इनमें से दो टंकी घने बगीचों के बीच छिपाकर बनाई गई थीं, जबकि एक टंकी झोपड़ी के नीचे बनाई गई थी।

### » टंकी खोलने पर मिलीं सिरप की बोतलें

टंकियों को खोलने पर उसके अंदर फेंसेडिल की बोतलों से भरी हुई दर्जनों पेटियां बरामद हुई। इसे देख बीएसएफ अधिकारियों व जवानों की आंखें भी फटी की फटी रह गई। बंकरों का पता चलने के बाद से बगीचे का मालिक फरार बताया जा रहा है।

### » पहली बार मिला है इस तरह का बंकर

बीएसएफ के डीआईजी ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता, साहस और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह की गुप्त टंकी मिली है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं

### मुख्यमंत्री उदयपुर में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में होंगे शामिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 76वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र और संविधान में देशवासियों की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें हमारे महान संविधान निर्माताओं की याद दिलाता है, जिन्होंने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के महान आदर्शों को संविधान के जरिए अंगीकार किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने तथा देश-प्रदेश की उन्नति में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लें, ताकि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा सके।



**मुख्यमंत्री राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगे शिरकत:-** मुख्यमंत्री उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रात: 9.30 बजे शामिल होंगे। इससे पहले वे प्रात: 9 बजे उदयपुर में शहीद स्मारक (नगर निगम) पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

# दिल्ली विस. चुनाव : भाजपा के संकल्प पत्र का तीसरा पार्ट जारी

### केजरीवाल जैसा झूठ बोलने वाला नहीं देखा : शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में पार्टी के संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने केजरीवाल जैसा झूठा इंसान अपने पूरे जीवन में नहीं देखा है। अभी कुंभ लगा है, केजरीवाल डुबकी लगा लो तो झूठ बोलने के पाप कट जाएंगे। शाह ने आप सरकार पर घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूलों और मंदिरों, गुरुद्वारों को भी नहीं बख्शा। सबके ठेके दे दिए, हजारों करोड़ का घोटाला किया। केजरीवाल ने हर चुनाव में झूठे वादे किए हैं। भाजपा कोरे वादे नहीं करती।

इससे पहले 7 जनवरी को भाजपा ने संकल्प पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को विकसित दिल्ली की नींव बताया था। इसके बाद 21 जनवरी को संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया था। उधर, केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी करने वाली है। वो इसमें जरूर बताए कि उनका प्लान और विजन क्या है। केजरीवाल ने बीजेपी से यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का विजन कॉपी न करना।

## न्यूज ब्रीफ

### आज से खुलेगा खाद्य सुरक्षा योजना का पोर्टल

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से वंचित पात्र परिवारों एवं व्यक्ति यों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित करने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। 26 जनवरी से नाम जोड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोला जायेगा और वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। यह जानकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने दी।

### डोनाल्ड ट्रंप की टीम में भारतीयों का दबदबा

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन भारतवंशियों को प्रशासन में अहम जिम्मेदारी दी है। इनमें रिकी गिल, सौरभ शर्मा और कुश देसाई शामिल हैं। रिकी गिल दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के वरिष्ठ निदेशक के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में भारत के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गिल ने पहले ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रूस और यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा के निदेशक के रूप में और विदेश विभाग में ब्यूरो आफ ओवरसीज बिल्डिंग आपरेशंस में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया था।

### विष्णु गुप्ता पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

**अजमेर।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर स्थित दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करने वाले विष्णु गुप्ता पर शनिवार सुबह हमला हो गया। वे अजमेर से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान गगवाना लाडपुरा पुलिया पर दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस हमले में वो बाल-बाल बच गए और किसी को कोई चोट नहीं आई है। फायरिंग के तुरंत बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को फोन पर हमले की सूचना दी, जिस पर एक्शन लेते हुए तुरंत गेगल और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस वारदात की जानकारी खुद विष्णु गुप्ता ने ही दी। उन्होंने एक फोटो भी शेयर किया है, जिसमें उनकी कार पर लगी गोली के निशान साफ नजर आ रहे हैं।

### जयपुर पुलिस ने अलसुबह चलाया अपराधियों के खिलाफ छापामार अभियान

# हार्डकोर एवं संदिग्ध बदमाशों के ठिकानों पर दी दबिश

### 200 से ज्यादा बदमाशों को हिरासत में लिया

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शनिवार की अलसुबह एक बड़े अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की गई। इस अभियान में 200 से अधिक हार्डकोर और संदिग्ध बदमाशों को हिरासत में लिया गया। ये बदमाश जयपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पकड़े गए, जिनमें ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ शामिल हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी न्याय मिले, जिससे नागरिकों का विश्वास बनाए रखा जा सके।

### » सभी थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि ईस्ट जिले में 100 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें वाहन चोरी सहित अन्य अपराधों में संलिप्त अपराधी शामिल थे। इस दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। वहीं, डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने जानकारी दी कि वेस्ट जिले में 30 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जबकि डीसीपी नॉर्थ राशि डूडी डोगरा ने बताया कि नॉर्थ जिले के थाना क्षेत्रों में भी सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि इस अभियान के दौरान विधि और न्याय के अनुसार सभी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




### जोधपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ लाइनमैन गिरफ्तार

**जोधपुर।** राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शनिवार दोपहर जोधपुर जिले के केतु कलां गांव में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ एक लाइनमैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम खेमचन्द है। कुछ दिनों पहले एसीबी को शिकायत मिली थी कि खेमचन्द 1 लाख रुपये की सीट भरने से बचाने के एवज में रिश्वत मांग रहा है।


एसीबी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में पहले शिकायत का सत्यापन कराया। इसमें आरोपी की पुष्टि होने के बाद शनिवार को एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए लाइनमैन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो के एएसपी पारस सोनी ने बताया कि डिस्कॉम की तरफ से चालान शीट तैयार किया जाता है, जिसमें कमी बताकर आरोपी ने परिवादी को एक लाख रुपये की शीट फाड़ने का जुर्माना लगने का डर दिखाया था। इसके बाद परिवादी ने एसीबी की जोधपुर ब्रांच में जाकर शिकायत कर दी। आरोपी ने एसीबी जोधपुर ग्रामीण आरोपी खेमचन्द ने शिकायत के सत्यापन के समय भी परिवादी से 3 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। इस वक्त आरोपी से पूछताछ जारी है।

### गणतंत्र दिवस 2025 | वीरता पुरस्कारों का एलान

# 942 जवानों को मिलेंगे गैलेंट्री अवॉर्ड

### 95 जवानों को वीरता, 101 को राष्ट्रपति और 746 को सराहनीय सेवा सम्मान

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता (गैलेंट्री) और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इन पदकों में से 95 वीरता पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं।



### आतंकवाद पर हमला करने वालों का सम्मान


वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में 28, पूर्वोत्तर में तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

### 101 जवानों को राष्ट्रपति पुरस्कार

101 जवानों को विशिष्ट सेवा (पीएसएम) के लिए राष्ट्रपति पदक सौंपे गए हैं। इनमें से 85 पुलिस कर्मियों को, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों को, सात नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सेवा को और चार सुधारात्मक सेवा पुरस्कार दिए गए हैं। इसके अलावा जिन कर्मियों को 746 सराहनीय सेवा पदक (एमएसएम) दिए गए, उनमें से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा को दिए जाएंगे।

# उदयपुर अब वेटलैंड सिटी भी बना

### दुनिया के 31 देशों में लेकसिटी का नाम



### रामसर कन्वेंशन ने दी मान्यता

**उदयपुर।** झीलों की नगरी के नाम से देश-दुनिया में विख्यात उदयपुर शहर अब दुनिया में वेटलैंड सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। रामसर कन्वेंशन की स्थायी समिति की बैठक में भारत से दो शहरों को वेटलैंड सिटी की मान्यता दी गई है इसमें राजस्थान से उदयपुर और मध्यप्रदेश से इंदौर शहर है।

वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन शहरी आर्द्रभूमि की सुरक्षा के लिए उठाए गए अहम कदम पर दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर उदयपुर और इंदौर का वेटलैंड सिटी के लिए चयन होने की जानकारी साझा की।

## विश्नोई महासभा के अध्यक्ष पर दुष्कर्म का केस

**जयपुर।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया पर हरियाणा की एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर आदमपुर पुलिस ने बूड़िया के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 354 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के बयान और सबूतों के आधार पर देवेंद्र बूड़िया के खिलाफ आगे की जांच की जाएगी। शिकायतकर्ता युवती ने आरोप लगाया है कि देवेंद्र बूड़िया ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। युवती ने दावा किया कि बूड़िया ने उसे चंडीगढ़ के एक होटल और जयपुर स्थित अपने फ्लैट पर बुलाकर दुष्कर्म किया।



### 28 साल का सपना सच... वादियों में गूंजी वंदे भारत की छुक-छुक

# कटरा-श्रीनगर वंदे भारत का ट्रायल पूरा




**श्रीनगर।** श्रीनगर में शनिवार 25 जनवरी की एक ठंडी सुबह, समय 10 बजे। आसमान पर उगे सूरज की कमजोर धूप वातावरण में गर्माहट पैदा करने की नाकाम सी कोशिशों में जुटी रही। श्रीनगर में पारा जमाव बिंदु से -4.1 डिग्री नीचे गिर जाने के चलते कड़ाके की ठंड। लेकिन इस भीषण ठंड के बावजूद माहौल में शनिवार को एक खास उत्साह व गर्माहट देखने को मिल रही है। कड़ाके की ठंड के बावजूद शहर के नौगाम रेलवे स्टेशन पर मामूली से ज्यादा रौनक देखने को मिल रही है। रोजाना की तरह स्टेशन पर शनिवार को भी लोगों की भीड़ जुटी हुई है। लेकिन इस भीड़ में ज्यादातर वे लोग शामिल हैं, जो बनिहाल-बारामूला रेल के लिए नहीं, बल्कि वंदेभारत ट्रेन के स्वागत के लिए खड़े।

### माइनस में तापमान फिर भी नहीं थमे पहिये

### » हाथ हिलाकर किया स्वागत

सुबह 11.30 मिनट पर जैसे ही वंदेभारत रेल की छुक-छुक श्रीनगर की फिजाओं में गूंजने लगी तो माहौल में उत्साह से भर गया। ट्रेन के स्वागत के लिए जमा लोगों ने दूर से ही हाथ हिला-हिला कर अपने सपनों की इस रेलगाड़ी का स्वागत किया। उत्साहित लोगों ने अधिकारियों को माला पहनाकर अपने प्यार का इजहार किया।

### » ट्रायल सफल, लोगों में उत्साह

श्रीनगर नौगाम रेलवे स्टेशन पर रुकने के बाद बड़गाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के साथ ही दिल्ली-कश्मीर वंदे भारत रेल सेवा का अंतिम ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इससे पूर्व शुक्रवार को ट्रायल रन के लिए जम्मू के कटड़ा स्टेशन पर पहुंची थी और वहां ट्रायल सफलतापूर्वक मुकम्मल करने के बाद शनिवार तड़के 9 बजे कटड़ा से श्रीनगर के लिए रवाना हुई थी। संबंधित अधिकारियों के अनुसार ट्रायल सफल रहा और हरी झंडी मिलते ही यह सेवा औपचारिक तौर पर लोगों को समर्पित की जाएगी। इस सेवा के माध्यम से दिल्ली से कश्मीर का सफर मात्र 13 घंटों में तय हो जाएगा और यात्री सस्ते किराया दरों पर हर आधुनिक सुविधा से लैस इस रेल के माध्यम से दिल्ली से श्रीनगर पहुंच सकेंगे।

### जेडीए द्वारा नवाचार | ऑनलाइन सेवाओं में की वृद्धि

# नाम हस्तांतरण पत्र एवं लीज मुक्ति प्रमाण पत्र व्हाट्सएप पर किए जाएंगे ऑनलाइन जारी

*आवेदक के सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर ही सत्यापित किए जाएंगे डॉक्यूमेंट्स*

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं, जिनका उद्देश्य सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है। जेडीसी आनंदी बताया कि जेडीए द्वारा पारदर्शिता प्रक्रिया को अपनाते हुए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी व्हाट्सएप पर भेजे जाने की सुविधा शुरू की गई है, नागरिकों/आवेदकों को जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय की बचत होगी।

**डिजिटल हस्ताक्षरित दस्तावेज़:** अब आवेदकों को नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी (लीज मुक्ति प्रमाण पत्र) डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि पारदर्शिता को भी बढ़ावा देती है।

**व्हाट्सएप पर दस्तावेज़ भेजने की सुविधा:** आम जनता की सुविधा के लिए, जेडीए ने डिजिटल हस्ताक्षरित नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी को आवेदक के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने का प्रावधान शुरू किया है। इससे नागरिकों को जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उन्हें समय और श्रम की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इन सुविधाओं के साथ-साथ जेडीए द्वारा साइट प्लान में सुधार, नाम में सुधार, क्षेत्रफल में सुधार, पते में सुधार सेवाएं भी ऑनलाइन प्रारंभ की गई है।

**दस्तावेज़ संशोधन सेवाएँ:** पूर्व में जारी दस्तावेज़ों में आवश्यक संशोधन करने के लिए निम्नलिखित सेवाएँ भी ऑनलाइन शुरू की गई हैं। साइट प्लान में सुधार, नाम में सुधार, क्षेत्रफल में सुधार, पते में सुधार।

जेडीए का यह प्रयास मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व एवं निर्देशन में नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेडीए सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इन ऑनलाइन सेवाओं का लाभ ले।

# चोरों ने गोदाम में मारी सेंध, दो लाख की नगदी व कार चोरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** गांधीनगर में चोरों ने एक गोदाम में सेंध मारकर अलमारी का ताला तोड़कर 2 लाख रुपए चुरा लिए। गोदाम में खड़ी कार लेकर फुर्र हो गए। सूचना मिलने पर शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया। गांधीनगर क्षेत्र में स्थित एक गोदाम पर चोरों ने शुक्रवार देर रात को चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मुख्य दरवाजे का लॉक तोड़ दिया। अंदर घुसकर अलमारी में रखे 2 लाख रुपए व गोदाम में खड़ी कार लेकर फरार हो गए। गोदाम मालिक सातपुर निवासी मुकेश पुत्र देवा भाई प्रजापत शनिवार सुबह गोदाम पहुंचा। उसे कार नदारत मिली। अलमारी खुली मिली। सारा सामान अस्त व्यस्त मिला। शहर पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर शहर कोतवाल हरचंद देवासी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। गोदाम मालिक से जानकारी ली। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। गौरतलब है कि गांधीनगर में चोर लगातार घरों को निशाना बना चुके हैं।



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.